● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 110, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार , 27 मई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



पाक की कमर तोड़ने का है प्लान 5

क्लासेन ने शतक जड़ रचा इतिहास 6

## भारत पर आंख उठाई तो बख्शेंगे नहीं : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। भुज में उन्होंने कहा कि भारत पर आंख उठाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।

इससे पहले पीएम ने भुज में 53,400 करोड़ रुपए के 31 प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और ई-लोकार्पण भी किया। इनमें खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क की ट्रांसमिशन परियोजनाएं, तापी जिले का थर्मल पावर प्लांट, कांडला पोर्ट से जुड़ी योजनाएं और सड़क, पानी, बिजली प्रोजेक्ट शामिल हैं।

मोदी सोमवार सुबह पहले वडोदरा, फिर दाहोद और इसके बाद भुज पहुंचे। तीनों जगह उन्होंने रोड शो किया। दाहोद और भुज में जनसभा की।

मोदी ने कहा कि 9 मई की रात को कच्छ की सीमा पर भी ड्रोन आए थे। वे (पाकिस्तान) 1971 की जंग भूल गए। कच्छ की माताओं-बहनों ने धूल चटा दी थी। कुछ घंटों में उन्होंने यह रनवे तैयार कर दिया था। कच्छ की उन्हीं माताओं-बहनों ने मुझे आशीर्वाद दिया है। मुझे उन्होंने सिंदूर का पौधा दिया है। आपका दिया हुआ यह पौधा अब पीएम हाउस में लगेगा। अब यह वटवृक्ष बनेगा।



पीएम ने कहा कि भारत विश्व की चौथी बड़ी इकोनॉमी बन गया है। आज पाकिस्तान की हालत क्या है। आज पाकिस्तान के बच्चों-लोगों को सोचना होगा कि आपकी सेना, आपके हुक्मरान आतंक के साए में पल रहे हैं। आपकी सरकार आतंकवाद को समर्थन दे रही है। उनकी सेना के लिए यह पैसा कमाने का जरिया बन गया है। वे आपके भविष्य को नष्ट कर रहे हैं। आपको अंधेरे में धकेल रहे हैं। पाकिस्तान की अवाम को आगे आना होगा।

मोदी ने पाकिस्तान सरकार से कहा कि सुख-चैन की जिंदगी जियो, रोटी खाओ, वर्ना मेरी गोली तो है ही। हमने शांति और समृद्धि का रास्ता चुना है।

पीएम ने कहा कि मैंने देश की सेना को खुली छूट दे दी है। सेना के निशाने पर आतंकियों के हेडक्वॉर्टर थे। हमारी सेना ने अगल-बगल में नुकसान पहुंचाए बिना वापस भी आ गए। यह दिखाता है कि हमारी सेना कितनी सक्षम और अनुशासित है। हमने दिखाया कि आतंकवादियों के ठिकानों को मिट्टी मे मिला सकते हैं। यह हमारी सेना की ही ताकत थी कि आज भी पाकिस्तान के सारी एयरवेज आईसीयू में पड़ी हैं।

मोदी ने कहा कि आज कच्छ का टूरिज्म दुनिया में फेमस है। हम टूरिज्म को बढ़ावा भी दे रहे हैं। वहीं, एक पाकिस्तान जैसा देश भी है, जो टेररिज्म को ही टूरिज्म मानता है, जो दुनिया के लिए बहुत बड़ा खतरा है

पीएम मोदी ने भुज में कहा कि एक समय था, जब मांडवी जहाज निर्माण के लिए प्रसिद्ध था। आज भी वह शक्ति मांडवी में देखने को मिलती है। अब हम एक आधुनिक जहाज पर सवार होकर विश्व की यात्रा करना चाहते हैं। हम इसका विनिर्माण और निर्यात करना चाहते हैं। भावनगर के अलंग में जहाज तोड़ने का सबसे बड़ा यार्ड है। अब हमने जहाज निर्माण में भी निवेश किया है।

पीएम मोदी ने कहा कि एक समय था जब गुजरात में पानी सैकड़ों फीट नीचे चला गया था। आज नर्मदा नदी का पानी यहां पहुंचने से स्थिति बदल गई है। कच्छ की किस्मत बदल गई है। आज कच्छ के आम, खजूर, अनाज और ड्रैगन फ्रूट की पैदावार बहुत अच्छी है। एक समय था, जब कच्छ से पलायन होता था।

पीएम मोदी ने कहा कि कच्छ के जो रेगिस्तान कभी हमें धूल और नमक से घिरे रहते थे, वही रेगिस्तान आज पूरे देश को ऊर्जा देने वाले बन गए हैं। कच्छ ने दुनिया के ऊर्जा मानचित्र पर अपनी जगह बना ली है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि आपको पर्याप्त बिजली मिले और बिल भी शून्य हो जाए।

## कृषि विकास से ही आयेगी देश में समृद्धि: धनखड़

### मप्र की तर्ज पर हर राज्य में हों कृषि उद्योग समागम



**भोपाल।** उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा है कि खेती-किसानी देश की अर्थव्यवस्था की नींव है। यह हमारी प्रगति का मूल आधार है। कृषि के क्षेत्र में विकास और नित नए नवाचार जरूरी हैं, इससे कृषि के विकास से ही देश में समृद्धि आएगी। देश का उदर-पोषण करने वाले अन्नदाता की खुशहाली में ही हमारे देश की खुशहाली सन्निहित है। उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ सोमवार को नरसिंहपुर जिला मुख्यालय में कृषि उद्योग समागम-2025 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीप प्रज्जवलन, कन्या पूजन एवं भगवान बलराम की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 26 से 28 मई तक चलने वाले तीन दिवसीय कृषि-उद्योग समागम 2025 का विधिवत् शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. (श्रीमती) सुदेश जगदीप धनखड़ विशेष रूप से उपस्थित थीं। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कृषि उद्योग समागम के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस पहल का अन्य राज्यों को भी अनुसरण करना चाहिए। किसान हमारे अन्नदाता हैं। अन्नदाताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि किसान भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव बेहद कर्मठ और कार्यशील है। कोई ऐसा दिन नहीं रहता, जब वे गांव, गरीब और किसान की चिंता न करें। मध्यप्रदेश सरकार ने गांव-किसान और उद्योग को जोड़ने की अभिनव पहल शुरू की है।

## केंद्रीय मंत्री का सिद्धारमैया पर हमला

### कहा-कांग्रेस सरकार तानाशाह से भी बदतर काम कर रही

**बंगलूरू।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया पर हमला बोला। उन्होंने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर लोगों की आवाज दबाने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार किसी तानाशाह से भी बदतर तरीके से काम कर रही है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने राज्य की भाजपा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। कर्नाटक सरकार ने आरोप लगाया है कि भाजपा राज्य सरकार की दो साल की विफलता के बारे में आरोप पत्र शीर्षक से दुष्प्रचार करके झूठ फैला रही है। भाजपा ने सरकार के इस कदम को कर्नाटक में आपातकाल के दूसरे



अध्याय की शुरुआत करार दिया। एक्स पर एक पोस्ट में जोशी ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार समाचार चैनल के एंकरों को डराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने सत्तारूढ़ कांग्रेस से पूछा कि अपनी विफलता, भ्रष्टाचार और कर्नाटक की अर्थव्यवस्था और राजनीति को हुए नुकसान के बारे में बात करने से उसे डर क्यों लगता है? एक सवाल मुझे परेशान कर रहा है कि क्या कर्नाटक हिटलर के समय की तरह तानाशाही में बदल गया है? उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों का पालन करने का दावा करने वाली कांग्रेस सरकार किसी भी तानाशाह से भी बदतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि क्या लोगों की आवाज दबाना संविधान का हिस्सा है सिद्धारमैया? आप और डीके शिवकुमार आलोचना से इतना डरते क्यों हैं? ऐसा लगता है कि आप बस सत्ता से चिपके रहने की कोशिश कर रहे हैं सिद्धारमैया। हम आपकी हताशा देख सकते हैं। लेकिन कर्नाटक कभी भी इस तानाशाही जैसे रवैये या मुगल-शैली के शासन को स्वीकार नहीं करेगा।

## यूक्रेन पर हवाई हमले के बाद ट्रम्प बोले-मैं उनसे खुश नहीं, बेवजह लोगों की जान ले रहे

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पुतिन पूरी तरह पागल हो गए हैं। ट्रम्प ने यह बयान अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दिया। मैंने हमेशा रूस के व्लादिमीर पुतिन के साथ बहुत अच्छे संबंध रखे हैं, लेकिन उनके साथ कुछ तो हुआ है। वो पूरी तरह पागल हो गए हैं। ट्रम्प ने कहा कि पुतिन बेवजह यूक्रेन के शहरों पर मिसाइल और ड्रोन दागे जा रहे हैं। इसमें बहुत से लोग मारे जा रहे हैं। ट्रम्प ने लिखा, मैंने हमेशा कहा है कि वह यूक्रेन का सिर्फ एक टुकड़ा नहीं, बल्कि पूरा यूक्रेन चाहते हैं और शायद यह सही साबित हो रहा है, लेकिन अगर वह ऐसा करते हैं, तो इससे रूस का पतन हो जाएगा।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद ही दी गई पाकिस्तान को जानकारी

### राहुल के आरोपों पर जयशंकर का जवाब

**नई दिल्ली।** सीमापार आतंकवाद के मुद्दे पर आज संसदीय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सरकार ने सीमापार आतंकवाद को लेकर अपनी रणनीति साझा की, जिसमें कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। सरकार ने संसद की सलाहकार समिति के साथ बैठक में बताया कि पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद का केंद्र थे। इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल पर चोट लगी है क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को एक संसदीय समिति को बताया कि पाकिस्तान को भारतीय सेना द्वारा उनके क्षेत्र में स्थित आतंकी शिविरों पर किए गए हमलों की जानकारी केवल हमले के बाद डीजीएमओ (डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस) स्तर पर दी गई थी। सूत्रों के अनुसार, जयशंकर ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को पहले से कोई सूचना नहीं दी गई थी और अमेरिकी हस्तक्षेप की जो बातें कही जा रही थीं, वे निराधार हैं। विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिन्दूर को रोकने का निर्णय भारत ने पाकिस्तान की ओर से आए अनुरोध के बाद द्विपक्षीय स्तर पर लिया, इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी। दिल्ली में विदेश मामलों की परामर्शदात्री समिति की बैठक में जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के डीजीएमओ द्वारा संघर्ष विराम की मांग के बाद ही यह सैन्य कार्रवाई रोकी गई। उन्होंने कहा कि भारत के किसी भी अधिकारी ने पाकिस्तान से कोई सीधी बातचीत नहीं की, केवल दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच संपर्क हुआ। जयशंकर ने समिति को यह भी बताया कि अमेरिका भारत पर पाकिस्तान से वार्ता करने का दबाव बना रहा था, लेकिन भारत ने स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद और वार्ता एक साथ नहीं चल सकते।

## मुंबई में भारी बारिश, अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भरा

**नई दिल्ली।** मुंबई में सोमवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। हाल ही में शुरू हुए वर्ली अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भर गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 1 मई को ही इसका उद्घाटन किया था। इधर, घने बादलों की वजह से विजिबिलिटी लो है। इस वजह से 8 फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। सड़कों पर भी लोग गाड़ियों की लाइट ऑन करके ड्राइव कर रहे हैं। बारिश के साथ मुंबई में 70 से 80 किमी की रफ्तार से हवा चली, जिससे कई इलाकों में पेड़ गिर गए हैं। बारिश के बाद कई जगह 7-8 किमी लंबा जाम लगा हुआ है।

## आठ राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 19 जून को

### शाम को आएंगे नतीजे, निर्वाचन आयोग ने किया एलान

**नई दिल्ली।** आठ राज्यसभा (उच्च सदन) सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनावों की तारीख का एलान कर दिया गया है। असम के दो और तमिलनाडु के छह राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल जून और जुलाई में समाप्त होने की वजह से चुनाव कराए जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को 19 जून को सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा की। उसी शाम को मतगणना की जाएगी। द्विवार्षिक चुनाव के लिए अधिसूचना 2 जून को जारी की जाएगी। असम से बीरेंद्र प्रसाद बैश्य (भाजपा) और मिशन रंजन दास (भाजपा) का कार्यकाल 14 जून को समाप्त हो रहा है। इसी तरह तमिलनाडु के छह सदस्यों अंबुमणि रामदास (पीएमके), एन. चंद्रशेखरन (एआईएडीएमके), एम. शानमुगम (डीएमके), पी. विल्सन (डीएमके) और वाइको (एमडीएमके) का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है।

## चुनाव में हार के बाद पहली बार अमेठी पहुंचीं स्मृति ईरानी

### पालपुर में पीड़ित परिवार से मिल व्यक्त किया शोक

**अमेठी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचीं। लोकसभा चुनाव में पराजय के बाद यह उनका पहला दौरा था। लखनऊ एयरपोर्ट से रवाना होकर लखनऊ-वाराणसी हाईवे होते हुए जैसे ही वह जिले की सीमा में दाखिल हुईं, कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा।

इनहौना कस्बा से लेकर उतेलवा मोड़, जगदीशपुर चौराहा और अन्य स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और बुके के साथ उनका स्वागत किया।





समर्थक घंटों सड़क किनारे खड़े रहकर उनके आगमन की प्रतीक्षा करते रहे। जैसे ही काफिला उनके समीप पहुंचा, फूलों की वर्षा के साथ कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। स्मृति ईरानी कई स्थानों पर वाहन से उतरकर लोगों से मिलीं। उनका हालचाल लिया। उतेलवा मोड़ पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राघवेंद्र तिवारी अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहे। जबकि, जगदीशपुर चौराहे पर राजेश्वर प्रताप सिंह ननके, सोनू यज्ञसेनी, डॉ. प्रज्ञा बाजपेई, सुनील सेठ समेत बड़ी संख्या में लोगों ने जोश के साथ स्वागत किया। इस दौरान कक्षा पांच के छात्र सिद्धांत त्रिपाठी ने स्मृति ईरानी को उनका छायाचित्र भेंट किया। इसके बाद वह जगदीशपुर क्षेत्र के पालपुर गांव पहुंची।

## तेज प्रताप की पत्नी ऐश्वर्या ने लालू परिवार पर लगाए गंभीर आरोप

### कहा- चुनाव की वजह से किया जा रहा ड्रामा

**पटना।** तेज प्रताप यादव की सोशल मीडिया पोस्ट के बाद उठा सियासी तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। लालू परिवार एक बार फिर से मुश्किलों में फंसता नजर आ रहा है। तेज प्रताप की पत्नी ऐश्वर्या ने लालू परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ये सब चुनाव को लेकर ड्रामा किया जा रहा है। लालू परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय ने कहा कि मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक उनमें सामाजिक जागृति आ गई है। वे सब एक हैं। वे अलग नहीं हुए हैं... चुनाव नजदीक हैं, इसलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा किया जा रहा है। ऐश्वर्या राय ने कहा कि सबको पता है कि क्या हुआ। अगर उन्हें (लालू प्रसाद यादव के परिवार को) सब पता था तो उन्होंने मुझसे उसकी शादी क्यों करवाई? मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे अपने तलाक की जानकारी मीडिया से मिली।

## अदालत ने यूट्यूबर ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति को हिसार पुलिस पेशी के लिए हिसार कोर्ट लेकर पहुंची थी। ज्योति मल्होत्रा को सिविल जज सुनील कुमार की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के मुताबकि ज्योति को हिसार की सेंट्रल जेल नंबर 2 में रखा जाएगा। यह महिलाओं की जेल है। पेशी के दौरान कोर्ट के अंदर के गेट बंद कर दिए गए थे और भारी पुलिसबल को मौके पर तैनात किया गया था।ज्योति को इससे पहले पांच दिन और दूसरी बार चार दिन के रिमांड पर लिया गया था। रविवार शाम को चार दिन का रिमांड खत्म होने के बाद ज्योति को कोर्ट में पेश किया गया।

## पाकिस्तान को खुफिया जानकारी भेजी, दिल्ली में सीआरपीएफ जवान गिरफ्तार

### एनआईए बोला- आरोपी को पाकिस्तानी अधिकारियों से डिटेल के बदले पैसे मिले

**नई दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने दिल्ली से सीआरपीएफ के जवान मोती राम जाट को गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को भारत की संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है। एनआईए के मुताबिक, 2023 से पाकिस्तान खुफिया अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी डिटेल शेयर कर रहा था। मोती राम को पीआईओ उसे अलग-अलग तरीकों से पैसे भी मिल रहे थे। मोती राम को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 6 जून तक की कस्टडी में भेजा गया है। एनआईए उससे पूछताछ कर रही है। 24 मई को गुजरात एटीएस ने कच्छ से एक शख्स सहदेव सिंह गोहिल को गिरफ्तार किया था। गोहिल बीएसएफ-नेवी की मौजूदा आर्मी यूनिट्स की फोटो-वीडियो वॉट्सएप के जरिए पाकिस्तानी एजेंट को भेजा करता था। सहदेव कच्छ के लखपत तालुका में स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर नौकरी कर रहा था। इससे पहले 15 मई को हरियाणा के हिसार से यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## पटना में एम्स डॉक्टर सहित दो कोरोना पॉजिटिव

### राज्य में पहला मामला, बंगाल में 4 नए केस, दिल्ली में 104, देश में 1009 एक्टिव मामले

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बिहार में सोमवार को एम्स पटना के एक डॉक्टर और एक 31 साल के व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई। यह कोरोना की मौजूदा लहर में राज्य का पहला मामला है।

वहीं पश्चिम बंगाल में चार और लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है, जिसके बाद सक्रिय मामलों की संख्या 12 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मरीजों को सांस संबंधी समस्याएं हैं। अधिकतर मामले कोलकाता और उसके आसपास से सामने आए हैं।



पिछले एक सप्ताह में कोविड-19 के 752 नए मामले सामने आए हैं? देश में कुल मामलों की संख्या 1,009 हो गई है। पिछले एक सप्ताह में केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली में सबसे ज्यादा नए मामले सामने आए हैं।केरल में 335 नए मामले सामने आए हैं, जिसके साथ ही कुल एक्टिव मामले 430 हो गए हैं।

महाराष्ट्र में 153 और दिल्ली में 99 नए मामले सामने आए हैं। दिल्ली में इस वक्त कुल 104 एक्टिव मामले हैं। इन शहरों के बाद गुजरात में 83 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 मामले दर्ज किए गए हैं। देश में कोविड के नए मामलों में अब तक 7 मौतें देश में कोरोना के बढ़ते नए मामलों के बीच अब तक 7 लोगों की मौत भी हुई है। रविवार को महाराष्ट्र के ठाणे के छत्रपति शिवाजी महाराज कलवा अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के कोविड मरीज की मौत हो गई। युवक का 22 मई से इलाज चल रहा था। राज्य में अब तक 4 लोगों की कोरोना से मौत हुई है।

इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बुजुर्ग की मौत मल्टी ऑर्गन फेल्योर के कारण हुई। हालांकि, 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई। केरल में दो लोगों की कोविड से मौत हुई है।

भारत में फैल रहा कोविड-19 का नया वेरिएंट भारत के कई राज्यों में कोविड-19 के नए मामलों में बढ़ोतरी के बीच, देश में दो नए वेरिएंट - एनबी 1.8.1 और एलएफ 7 के मामले सामने आए हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार की एजेंसी इंडियन अर्स कोविड-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के ताजा आंकड़ों से मिली है। हालांकि, डब्ल्यूएचओ ने इन्हें चिंताजनक नहीं माना है, लेकिन निगरानी में रखे गए वैरिएंट के रूप में कैटेगराइज किया है।

# विधानसभा अध्यक्ष पहुंचे सिंगरौली, मंत्री एवं विधायक समेत भाजपाइयों ने किया स्वागत

सिंगरौली

म.प्र. विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर दो दिवसीय प्रवास पर आज दिन सोमवार की दोपहर हवाई पट्टी सिंगरौलियां पहुंचे। जहां पंचायत मंत्री एवं सिंगरौली विधायक समेत अन्य बीजेप के कार्यकर्ता पदाधिकारी तथा कलेक्टर ने गर्मजोशी के साथ पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किये। वही महिलाएं भी कलश यात्रा के साथ स्वागत की।

जानकारी के लिए बता दें कि विधानसभा अध्यक्ष को सिंगरौली महोत्सव में शामिल होने के लिए विधायक रामनिवास शाह ने पिछले सप्ताह भोपाल में मुलाकात कर आमंत्रित करते हुये निमंत्रण दिये थे। विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक के आमंत्रण को स्वीकार कर लिया और आज दिन सोमवार को सिंगरौली महोत्सव के तीसरे दिन आयोजित होने वाले संध्या कार्यक्रम में



बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किये। विधानसभा अध्यक्ष ने जैसे ही सिंगरौलिया हवाई पट्टी पर पहुंचे उस दौरान मौजूद पंचायत विकास मंत्री राधा सिंह, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, भाजपा के पूर्व वरिष्ठ विधायक राम लल्लू बैस, पूर्व विधायक देवसर सुभाष वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदर शाह, वरिष्ठ नेता गिरीश द्विवेदी, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, जिला मंत्री प्रवेंद्र धर द्विवेदी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पाल, मण्डल उपाध्यक्ष बैढ़न संजय दुबे सहित भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से किया स्वागत। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, एसपी मनीष खत्री, एएसपी अभिषेक रंजन और एसडीएम सृजन वर्मा ने किया विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया।

# तालाब में डूबने से युवती की मौत

**लंघाडोल थाना क्षेत्र के भैसाबुड़ा गांव की घटना**

सिंगरौली

लंघाडोल थाना क्षेत्र के भैसाबुड़ा गांव में तालाब में नहाने गई एक युवती डूबने से मौत हो गई। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक भैसाबुड़ा निवासी बासमति पिता रामधनी सिंह उम्र 21 वर्ष सोमवार को तालाब में नहाने गई थी। जहां गहरे पानी में डूब गई। काफी देर बाद आसपास के लोगों ने युवती को तालाब में उतराते देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया है कि युवती मानसिक रूप से विक्षिप्त थी।

# नाली के अभाव में सड़कों में भर रहा पानी

**राहगीर एवं रहवासी परेशान, सरई नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 13 का मामला**

सिंगरौली

नगर परिषद सरई एक नही अनेकों समस्याओं से जूझ रहा है। नगर की साफ-सफाई व्यवस्था जहां चरमराई हुई है, वही अधिकांश वार्ड के मोहल्ले में नालियों के अभाव में घरों का पानी सड़क पर जमा हो रहा है। वार्ड क्रमांक 13 के सड़क में बेमौसम बारिश का जमा पानी राहगीरों एवं मोहल्लेवासियों के लिए आफत बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार नगर परिषद सरई के वार्ड क्रमांक 13 के गुलाबी गुप्ता के घर के पास सड़क में घुटने तक पानी जमा हुआ है। उस जगह पर पानी भरने के कारण लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत हो रही है। सरई मुख्य बाजार के द्वार सड़क पर पानी भरने के कारण मुसाफिरों को लबालब पानी से होते हुये आगे की यात्रा करनी पड़ती है। वार्ड क्रमांक 13 में उस स्थान से आगे पानी निकलने के लिए नालियां नहीं हैं। जिसके कारण पूरे बाजार का निस्तारण पानी मुख्य सड़क सरई बंजारी मार्ग पर गुलबी गुप्ता



के घर के पास रोड पर इकट्ठा हो रही है। जो दुर्घटना का कारण भी बन सकती है। इस मोहल्ला में लगभग वर्ष भर पहले सड़क की बद्हाल स्थिति थी, जिससे बरसात में वहां से गुजरना काफी कठिन था। वहीं अब नाली की जबरदस्त समस्या सामने खड़ी है। मोहल्लेवासियों का भी कहना है कि वार्डो के मोहल्लों का विकास तीव्र गति से नही हो रहा है। यहां अनेकों समस्याएं हैं। सबसे बड़ी समस्या घरों के पानी की निकासी की है। अधिकांश घरों का पानी सड़क पर फैलता रहता है। यहां तक कि सिवरेज का पानी भी सड़क पर बह रहा है। फिर भी नगर परिषद अमला बेसुध है। वही आरोप है कि स्थानीय नगर परिषद के जनप्रतिनिधि व आलाअफसर इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वार्ड वासियों ने इस ओर नगर परिषद अध्यक्ष एवं सीएमओ ध्यान आकृष्ट कराया है।

# राष्ट्रीय कोलियरी श्रमिक संघ की बैठक आयोजित



**सिंगरौली।** नेहरू शताब्दी चिकित्सालय के सभागार में राष्ट्रीय कोलियरी श्रमिक संघ इंटक की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई । बैठक में केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद। मुख्य रूप से संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, लाल पुष्पराज सिंह, आरएन ओझा, केन्द्रीय उपाध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय, विनोद कुमार पाण्डेय, इंद्रेश कुमार, शिव कुमार समस्त परियोजनाओं के अध्यक्ष सचिव एवं अन्य पदाधिकारीगणों की मौजूदगी रही । बैठक को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय नेतृत्व के सदस्यों ने संगठन की प्रभावी कार्यशैली से श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिये अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया ।

अध्यक्षीय उद्बोधन में केंद्रीय अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने वर्तमान परिवेश में कोल इंडिया कर्मचारियों की स्थिति एवं सरकार की नीतियों से अवगत कराया। वही केंद्रीय महासचिव लाल पुष्पराज सिंह ने एनसीएल में मजदूर विरोधी प्रबंधकीय प्रयासों को असफल करने के लिये कर्मचारियों में एकता बनाए रखने का आह्वान किया।

# सिंगरौली विस्थापित संघर्ष समिति ने एनसीएल खदानों को बंद कराने दिया अल्टीमेटम

**सिंगरौली।** सिंगरौली विस्थापन संघर्ष समिति ने एक जनसभा आयोजित कर लोगों को अपने हक की लड़ाई के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया था। सिंगरौली के पूर्व विधायक रामलल्लू बैस के नेतृत्व में हुई।

इस सभा के दौरान जहां रामलल्लू बैस ने स्थानीय लोगों से नोटिस न लेने की अपील की थी, तो वही अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अमित तिवारी समेत अन्य वक्ताओं ने भी मंच से चेताया था कि यदि 10 दिनों के भीतर सार्थक पहल होती नहीं दिखती है, तो वह एनसीएल के उत्पादन एवं प्रेषण रोकने को



मजबूर होंगे। इसी के तहत आज दिन सोमवार को सिंगरौली विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष रंजीत शर्मा समेत सुशीला सिंह व अन्य लोगों ने एनसीएल मुख्यालय को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराते हुए अल्टीमेटम दिया कि यदि उनकी मांगों पर 31 मई तक विचार कर पूरा नहीं किया गया तो वह आगामी 5 जून को उत्पादन रोको अभियान के तहत जयंत एवं दुद्धिचुआ खदान का प्रोडक्शन बाधित करेंगे। इसी बात से छुब्ध लोगों ने अमित तिवारी के मार्गदर्शन में समिति बनाकर कुल 10 सूत्री मांग को लेकर यह आह्वान छेड़ा है। जिसमें शासकीय भूमि पर बसे लोगों को भी विस्थापित मानते हुए पट्टेदारों के समान ही सभी प्रकार के लाभ प्रदान करने समेत शासकीय भूमि, वन भूमि एवं अनुबंधित भूमि पर निर्मित सभी आवासों के स्वामियों को 15 लाख की सम्मानजनक राशि प्रदान करने, पुनर्वास स्थल पूर्ण विकसित कर तब उन्हें प्लॉट आवंटित करने समेत कुल 10 मांगे शामिल है।

# नगर गौरव दिवस पर दीपो से जगमग सिंगरौली नगर

**दीपोत्सव के साथ होगा सिंगरौली महोत्सव एवं नगर गौरव दिवस का समापन**

**म्यूजिकल नाईट मे अरूणिता कंजीलाल के साथ नचिकेत लेले विखेरेंगे अपने गानो का जादू**

**सिंगरौली।** चार दिवसीय सिंगरौली महोत्सव का आगाज धूम धाम के साथ 24 मई को किया गया। समारोह का समापन कल 27 मई को नगर गौरव दिवस उत्सव के साथ होगा। नगर गौरव दिवस को सुन्दर बानने के लिए कल 27 मई को संध्या पर दीपोत्सव का आयोजन माजन मोड़ से विंध्यनगर चौराहे सहित शहर के विभिन्न सर्वजनिक स्थलों पर किया जायेगा। वही सिंगरौली महोत्सव के आखिरी संध्या पर बॉलीवुड के जाने माने गायक अरूणिता कंजीलाल एवं नचिकेत लेले अपने गानो के जादू से सिंगरौली वासियों का मन मोहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा नगर वासियों से आग्रह किया गया है। अपने नगर गौरव दिवस पर बढ़चढ़कर अपनी उपस्थित दर्ज कराकर आयोजन का सहभागी बने।

# अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**सिंगरौली महोत्सव सीनियर, जूनियर ग्रुप में कई प्रतिभागियों ने लिया बढ़चढ़ कर हिस्सा**

**सिंगरौली।** 17वें सिंगरौली महोत्सव के आगाज पर जिस रंगारंग अंदाज में हुआ, उसी तरह से हर दिन महोत्सव का रंग दुगुने रफ्तार से सिंगरौलीवासियों पर चढ़ता जा रहा है। सिंगरौली महोत्सव के तीसरे दिन की शुरूआत रंग बिरंगी रंगोली प्रतियोगिता के अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में हुआ।

इन रंगोलियों में भारत की शौर्य गाथा दिखाने के लिए ऑपरेश सिंदूर की आकृती उकेरी गई। वही भारतीय संस्कृति और परंपरा को



दिखाने के लिए मोर, पर्यावरण को बचाने का संदेश देने वाले पेड़-पौधे को समाहित करते हुए चित्र एवं विभिन्न प्रकार की मनमोहक आकृतियां उकेरी गईं। रंगोली प्रतियोगिता में 10 से 15 तक जूनियर वर्ग एवं 15 से अधिक सीनियर वर्ग के सोलो एवं ग्रुप में विभिन्न प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मक रंगोली कला के माध्यम से अलग-अलग सामाजिक सरोकार के मैसेज देते हुए रंगोली बनाई गई। उक्त कार्यक्रम में जूनियर वर्ग में सोलों में प्रथम स्थान पर रौनक फिजा, द्वितीय स्थान पर अनिका गुप्ता एवं तृतीय स्थान पर अनुपमा गुप्ता रहीं एवं जूनियर वर्ग ग्रुप में प्रथम स्थान पर कशिश विश्वकमा, रागिनी विश्वकर्मा, कीरतदीप कौर, मेहर प्रीत कौर रही। वहीं दूसरे स्थान पर गरिमा कुशवाहा एवं आंचल गुप्ता रही एवं तृतीय स्थान पर श्वेता गुप्ता एवं रिद्धि गुप्ता ने बाजी मारी। इसी प्रकार सीनियर वर्ग सोलो में प्रथम स्थान पर अंशु रानी, द्वितीय स्थान पर पल्लवी कुमारी एवं तृतीय स्थान पर स्वाती प्रधान रही। सीनियर रंगोली ग्रुप में प्रथम स्थान पर साक्षी सिंह, आकांक्षा पटेल, अनामिका विश्वकर्मा एवं राखी यादव, द्वितीय स्थान पर पिंकी मरकाम एवं यामिनी बेन रही तथा तृतीय स्थान पर सुमन सोनी, , प्रियंका सेन तथा नीता वर्मा का ग्रुप रहा उक्त कार्यक्रम में शामिल समस्त प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# महुआ गांव के खैरा में एमपीएल रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज

**सिंगरौली।** मिनी स्टेडियम में एमपीएल रात्रि कालीन टूर्नामेंट सीजन-2 का धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने रात्रि 10 बजे फीता काट कर खेल का शुभारंभ किया गया। जहां रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट होगा। जानकारी के अनुसार यह टूर्नामेंट 7 दिनों तक चलेगा और इसमें कुल 10 फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट का उद्धाटन बीते दिन रविवार 25 मई को शाम 10 बजे



महुआ गांव खैरा आने वाला समय मिनी स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य सत्यवती सिंह, मंडल अध्यक्ष निवास जय प्रकाश साहू, सेवा निवृत्त शिक्षक नरोत्तम दास गुप्ता, साहू समाज जिला अध्यक्ष जीवधन साह, राकेश सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष जायसवाल, राम कैलाश साहू, निवास मंडल मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद साहू, पूर्व जनपद सदस्य महुआ गांव जेपी शाह, अरुण साहू, धर्मेंद्र साहू, गौरी पाठक सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।

# एनटीपीसी की थिएटर वर्कशॉप में झलकी कला




**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब द्वारा भोपाल के सुप्रसिद्ध शैडो ग्रुप के सहयोग से 11 से 25 मई तक आयोजित 15 दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का सफल समापन परियोजना के उमंग भवन सभागार में हुआ।

इस अनोखे आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा नाट्य प्रस्तुति रंगायन द मेलोडी ऑफ आर्ट जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस वर्कशॉप में विंध्याचल परियोजना के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने मंच के माध्यम से कई महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को उजागर किया। जैसे बच्चों में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग को नियंत्रित करना, पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना और महिलाओं की भूमिका व उनके त्याग को पहचानना। यह कार्यशाला केवल अभिनय सीखने का माध्यम नहीं रही, बल्कि प्रतिभागियों के भीतर संवेदनशीलता, आत्मानुशासन और सामाजिक चेतना को भी जागृत करने वाली साबित हुई। कार्यक्रम के समापन समारोह में ई सत्य फणि कुमार कार्यकारी निदेशक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

# एनसीएल मोरवा के केन्द्रीय अस्पाल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**सिंगरौली।** एनसीएल के केंद्रीय अस्पताल सिंगरौली ने मोरवा में निऱ्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

शिविर के दौरान केंद्रीय अस्पताल की टीम ने स्थानीय सब्जी विक्रेताओं को नौतपा के समय लू से बचाव के लिए जानकरी प्रदान की। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को लू से बचने के उपायों जैसे पर्याप्त पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने के बारे में जागरूक किया गया।

# सिटाडेल ने नगर निगम और एनटीपीसी की कचरा गाड़ियों का करा दिया सत्यापन

**पार्षदों के आरोप से तरह-तरह की होने लगी चर्चा**

**सिंगरौली।** सिटाडेल कंपनी पर घर-घर कचरा संग्रहण, निस्तारण और मृत मवेशियों का डिस्पोजल सत प्रतिशत नहीं करने के आरोप लगाते रहे हैं, परिषद में काम गाड़ियों के आरोपी के बाद कंपनी ने गाड़ियों का भौतिक सत्यापन कराया लेकिन उसे पर भी आरोप लगे कि नगर निगम और एनटीपीसी में खड़ी गाड़ियों को लाकर भौतिक सत्यापन कर दिया। आरोपों में कितनी सच्चाई है यह जांच के बाद स्पष्ट होगा?।

सिटाडेल कंपनी ने एनसीएल ग्राउंड में कचरे में लगी गाड़ियों का का सत्यापन कर दिया। जिसमें 63 मैजिक वाहन, ट्रैक्टर - 9, 2 टीपर, 2 ट्रैक्टर के साथ लोडर मोरवा और बैढ़न में एक एक जेसीबी लगाई गई है। लेकिन पार्षद मैजिक वाहन और डीपर का



कराएं गए भौतिक सत्यापन पर सवाल खड़े कर रहे हैं, पार्षदों ने कहा कि 45 वार्ड में 63 मैजिक कचरा वाहन लग ही नहीं है। यदि इतनी गाड़ियां लगी है तो उनके ड्राइवर की लिस्ट और इनका पीएफ भुगतान दिखाएं। पार्षदों का आरोप है कि स्वच्छता पर जिले से लेकर प्रदेश तक के लोगों का हित जुड़ा है, वरना सिटाडेल कंपनी पर पहले ही कार्यवाही हो जाती।

आरोप है कि कई कंडम और ब्रेकडाउन गाड़ियों को धक्का मार स्टार्ट कर एनसीएल ग्राउंड तक लाया गया, फिर बाद में उन गाड़ियों को एक एजेंसी में बनने के लिए खड़ा कर दिया गया है। भौतिक सत्यापन करने आई एक गाड़ी के पीछे कचरा डब्बे को देखकर ऐसा लगा कि इसमें कभी कचरा डाला ही नहीं गया, पूरा केविन साफ सुथरा था। पार्टीशन दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए थे। यानी जिला और सूखा कचरा मिक्स होकर कचरा प्लांट पहुंच रहा था। चर्चा है कि सिटाडेल कंपनी ब्रेकडाउन गाड़ियों को भी चलाएं मान दिखाया है, कई ऐसी गाड़ियां हैं जो लंबे समय से ब्रेकडाउन थी, हालांकि आरोपों में कितनी सच्चाई है यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। सूत्रों की माने तो ब्रेकडाउन तीन कचरा वाहन एक एजेंसी से ही लाए गए थे। बाद में भौतिक सत्यापन होने के बाद उन्हें वापस एजेंसी में ही खड़ा कर दिया गया। कई पार्षद इस भौतिक सत्यापन में अपनी नाराजगी जाहिर की।

## इनका कहना है

*गाड़ियां कम होने के कारण घर-घर कचरा संग्रहण नहीं हो रहा, गाड़ियों का भौतिक सत्यापन एक औपचारिकता के बीच खत्म हुई, और अधिक गाड़ियों को लगाने की जरूरत है तब 45 वार्डों में कचरा वहां पहुंच पाएंगे।*

**अनिल कुमार वैश्य, पार्षद व अपीलीय अधिकारी**

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को संतुष्टिपूर्ण निराकृत करायें : कलेक्टर



**सीधी।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा करें तथा प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर शिकायतों को निराकृत करायें। कोई भी शिकायत नॉन अटेण्डेड नहीं रहे और निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यूनतम रहे। उन्होंने कहा कि मई-25 की शिकायतों के निराकरण में सभी विभाग ए-ग्रेड के लिए प्रयास करेंगे। शिकायतकर्ता से संपर्क कर उनकी वैध समस्याओं का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने सीमांकन एवं भुगतान लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि दिनांक 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन खरीफ पूर्व किया जाना है। उक्त अभियान अन्तर्गत केन्द्रीय एवं राज्य की योजनाओं, वैज्ञानिक अनुसंधानों, उन्नत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, कृषि अभियांत्रिकी की तकनीकियों एवं कृषकों द्वारा किये जा रहे नवाचारों इत्यादि के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं तकनीकी हस्तांतरण के लिए उक्त अभियान के अन्तर्गत प्रतिदिन ग्राम पंचायतों पर निर्धारित रूट चार्ट अनुसार अभियान का क्रियान्वित किया जाना है। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों तथा मैदानी अमले को अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिले में समग्र ई-केवाईसी की प्रगति को लेकर कलेक्टर द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई। कुछ क्षेत्रों में ई-केवाईसी की प्रगति अपेक्षानुरूप नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में ई-केवाईसी कार्य को प्राथमिकता पर लें और समयबद्ध रूप से लक्ष्यों को पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत खाद्यान्न प्राप्त कर रहे समस्त हितग्राहियों के साथ-साथ जिले के सभी व्यक्तियों का भी ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए गये है। वर्तमान में जिले की ई-केवाईसी प्रगति कम होने से उसे अभियान के रूप में पूर्ण करने के लिए निर्देश जारी किये गये है। ई-केवाईसी कार्य को पूर्ण कराने एवं अपात्र व्यक्तियों के नाम समग्र पोर्टल से हटाने के लिए अभियान चलाकर 31.05.2025 तक आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करेंगे।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत जिले के चयनित ग्रामों विकासखंड रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम रामपुर, मझौली अंतर्गत ग्राम देवरी, सिहावल अंतर्गत ग्राम पटेहरा कोठार एवं तरका में अधोसंरचना विकास के कार्यों की कार्ययोजना निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल प्रिया पाठक, संयुक्त कलेक्टर एसपी मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## शासकीय आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर चुरहट में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून**

**सीधी।** प्राचार्य शासकीय आदर्श उ.मा.वि. चुरहट ने जानकारी देकर बताया है कि शासकीय आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर चुरहट में कक्षा 6वीं से 12वीं तक प्रवेश हेतु कार्यालय प्राचार्य शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट जिला सीधी में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 10.06.2025 निर्धारित है। बालक क्रीड़ा परिसर चुरहट में मिनी समूह 11 से 14 वर्ष, जूनियर समूह 14 से 16 वर्ष एवं सीनियर समूह में 16 से 18 वर्ष तक के विद्यार्थियों के आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संबंधित छात्र का एमपी टास का प्रोफाइल पंजीयन, डिजिटल जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, छात्र की समग्र आई.डी., बैंक पासबुक की छायाप्रति, पूर्व कक्षा की उत्तीर्ण अंकसूची की छायाप्रति एवं छात्र की 2 पासपोर्ट साइज की कलर फोटो संलग्न करना अनिवार्य है।

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई का व्यक्तित्व एवं कृतित्व आज भी हमे प्रेरित करते है : प्रजापति




**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं डॉ. पी.के.सिंह प्राचार्य (अग्रणी) संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय मड़वास में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन लोकमाता देवी अहिल्याबाई बाई रू व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में डॉ. लक्ष्मीकांत कुशवाहा ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई.पी.प्रजापति ने करते हुए कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई का व्यक्तित्व और कृतित्व दोनो ही प्रेरणादायक है और दोनो ही आज भी हमे प्रेरित करते है। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ. दीपक अग्निहोत्री ने किया। वही आभार प्रदर्शन डॉ. सुरेंद्र गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से डॉ. कमलेश जायसवाल डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ. राजेश पटेल, डॉ. रामधारी जायसवाल, डॉ संगीता मिश्रा, डॉ. ज्योति रजक, प्रो. प्रवीण कुमार, डॉ. पंकज मिश्रा श्री अनिल कुमार केवट मंदाकिनी तिवारी सांवली सेन रविता साकेत सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्राए उपस्थित थे।

## पीएम स्वनिधि योजना से रीतू ने लिखी सफलता की इबारत



**सीधी।** स्वनिधि योजना के माध्यम से सीधी की रीतू सोंधिया ने अपने जीवन में सफलता की इबारत लिखने का काम किया है। सरकार की एक योजना का लाभ लेकर कैसे सफलता के शिखर पर पहुंचा जा सकता है यह रीतू सोंधिया ने करके दिखाया है। सीधी के वार्ड क्रमांक 1 की रहने वाली रीतू सोंधिया सिलाई के कार्य के साथ-साथ आज अपना स्वयं की एक कपड़े की दुकान भी चला रही हैं। रीतू अपने पुराने दिन की बात करते हुए बताती है कि आज तो ठीक है लेकिन कोविड के दौरान ऐसी स्थिति नहीं थी उस समय मेरे पति जो बाहर रहकर काम करते थे लेकिन लॉकडाउन के कारण वह भी घर में आ गए थे जिससे परिवार का चलाना बहुत मुश्किल हो गया था। हम जैसे गरीबों के लिए पीएम स्वनिधि योजना एक वरदान बनकर आई। रीतू बताती हैं कि सर्वप्रथम मैने नगर पालिका सीधी में अपना पंजीयन करवाया और सबसे पहले मैंने प्रथम चरण में 10 हजार, द्वितीय चरण में 20 हजार और आज मैं तृतीय चरण में 50 हजार रुपए का लोन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा से लेकर अपनी खुद की छोटी सी दुकान चला रही हैं।

## वेतन देयकों के भुगतान के संबंध में निर्देश जारी

**सीधी।** जिला कोषालय अधिकारी मुकेश तिवारी ने जानकारी देकर बताया कि संचालक कोष एवं लेखा द्वारा वेतन देयकों के भुगतान के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। कोषालयों में प्रस्तुत किये जा रहे वेतन देयकों में समय-समय पर विसंगति पूर्ण भुगतान या त्रुटि पूर्ण भुगतान के बिन्दु समक्ष में आये हैं। अत: अपेक्षित है कि वेतन देयकों के साथ भत्तों के भुगतान का अधीनस्थ आहरण एवं संवितरण अधिकारी सूक्ष्मता से परीक्षण करें एवं निर्धारित प्रमाण पत्र वेतन देयकों के साथ आवश्यक रूप से स्कैन कर संलग्न करें कि वेतन देयकों को उनके द्वारा परीक्षण किया गया है एवं देयक तथा वेतन भत्तों की राशि सही है।

## लोक संगीत के क्षेत्र मे राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय का विशेष योगदान



**सीधी।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले की राष्ट्रीय लोक गायिका एवं देश की सबसे छोटी लोक गायिका मान्या पाण्डेय का विंध्य क्षेत्र के लोक संगीत को आगे बढ़ाने एवं संरक्षित करने में विशेष योगदान रहा है। सुश्री मान्या पाण्डेय विंध्य क्षेत्र की एक मात्र ऐसी लोक गायिका हैं जिन्होंने बहुत कम उम्र में देश भर में बघेली लोकगीतों को पहुंचा रही है। वर्ष 2023 में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पंचायतराज दिवस के अवसर पर रीवा में आयोजित कार्यक्रम को 11 मिनट खड़े होकर मान्या पाण्डेय एवं साथियों के कार्यक्रम को देखा था। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी कई बार मान्या पाण्डेय के संवाद कर चुके हैं।

सुश्री मान्या पाण्डेय 5 वर्ष की छोटी उम्र से मंचीय प्रस्तुति दे रही है। अब तक देश के विभिन्न प्रदेशों लगभग 422 मंचों में प्रस्तुति दे चुकी हैं। इसके साथ ही देश के विभिन्न राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक न्यूज चौनलों में अपने लोकगीतों की प्रस्तुति दे चुकी हैं। बघेली लोकगीतों के साथ-साथ बुंदेली, अवधी, मैथिली, भोजपुरी, छत्तीगढ़ी लोकगीतों का अनुभव भी है। मान्या सीधी पर्यटन, सीधी पुलिस, नेशनल आर्टिस्ट यूनियन बिहार, झारखंड, उत्थान सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति सीधी-रीवा (म.प्र.) की ब्रांड एम्बेसडर भी रही हैं। कांसेप्ट कम्यूनिकेशन कंपनी मुंबई द्वारा मध्यप्रदेश माध्यम, म.प्र. शासन का उपक्रम के द्वारा इन्फ्लुएन्सर नियुक्त किया गया है। आपके द्वारा भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली, मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग भोपाल, स्वराज संस्था भोपाल, जनजाजीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी भोपाल, मध्य प्रदेश जन संपर्क विभाग भोपाल आदि शासकीय आयोजनों में सहभागिता के माध्यम से शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जाता रहा है।

भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उपस्थिति में वर्ष 2023 में मध्य प्रदेश के रीवा में धरती कहे पुकार कार्यक्रम में मान्या पाण्डेय ने प्रस्तुति दी, उक्त प्रस्तुति को प्रधानमंत्री ने 11 मिनट खड़े होकर कार्यक्रम को देखा और मान्या पाण्डेय की प्रसंशा की। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं संस्कृति मंत्री के द्वारा सम्मानित किया गया।

वर्ष 2015 से अब तक शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के द्वारा सुश्री मान्या पाण्डेय को लोकगायन पर उत्कृष्ट एवं विशिष्ट 238 सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। जिसमें 2015 को महाउर कला सम्मान, 2016 में तुलसी सम्मान, 2017 में विंध्य कला सम्मान, 2018 में विंध्य शिखर सम्मान, 2019 में भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा कला सम्मान, 2020 में काशी सम्मान, 2021 में छत्तीसगढ कला सम्मान, 2022 में नर्मदा सम्मान, 2023 में नारायणी नम: सम्मान, 2024 में साहित्य कला अकादमी भोपाल के द्वारा साहित्य सम्मान, विंध्य कला सम्मान एवं विन्ध्य लोकरंग सम्मान आदि प्रमुख हैं।

# सभी कार्यस्थलों में आंतरिक परिवाद समिति का गठन अनिवार्य

**सीधी।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिरोध, प्रतितोष) अधिनियम 2013 की धारा 4 के अनुसार प्रत्येक कार्यस्थल पर जहा 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत है, जिले के सभी शासकीय, अशासकीय कार्यालयों, विभाग, संगठन, संस्था, कंपनी, निगम, सोसायटी, बैंक, अस्पताल, स्कूल एवं ऐसे सभी सेवा प्रदाता जो वाणिज्यिक, वित्तीय, व्यवसायिक, शैक्षिक उद्यौगिक क्रियाकलाप करते है, मे महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिरोध, प्रतितोष) अधिनियम 2013 की धारा 4 के अंतर्गत आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जाना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सीधी प्रवेश मिश्रा द्वारा बताया गया कि ऐसे सभी शासकीय अशासकीय संस्थाओं मे आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जाना है जहा कम से कम 10 अधिकारी कर्मचारी नियुक्त हो। कार्यालय की वरिष्ठ महिला अधिकारी समिति की पीठासीन होगी एवं समिति के कम से कम आधे सदस्य महिला होगी। समिति मे कम से कम एक पुरूष सदस्य रखना अनिवार्य है। आंतरिक परिवाद समिति मे संबंधित कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियो के अतिरिक्त कम से कम एक सामाजिक कार्यकर्ता को नामांकित किया जाना आवश्यक है। श्री मिश्रा द्वारा बताया गया कि अधिनियम के अंतर्गत शासन द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को अधिनियम के क्रियान्वयन के लिये जिला अधिकारी घोषित किया गया है। अधिनियम की धारा 26 (1) के अनुसार कार्यालय मे आंतरिक समिति का गठन नही किये जाने पर संबंधित कार्यालय प्रमुख को पचास हजार तक जुर्माना से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। परिवाद समिति का गठन कर समिति के सदस्यो की जानकारी कार्यालय के सूचना पटिल पर चस्पा किया जाना आवश्यक है।

श्री मिश्रा द्वारा बताया गया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न रिट याचिकाओं के माध्यम से आंतरिक परिवाद समिति के गठन संबंधी कार्यवाही की निगरानी की जा रही है। श्री मिश्रा द्वारा जिले के समस्त शासकीय अशासकीय कार्यालय प्रमुखो से आग्रह किया गया है कि आंतरिक परिवाद समिति के गठन की जानकारी शीघ्र जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सीधी मे प्रेषित करें।

## बोर्ड परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित होने आवेदन की अंतिम तिथि 31मई

**सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र.भोपाल ने सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि की गई है। हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों की द्वितीय परीक्षा के लिए दिनांक 31.05.2025 की रात्रि 12 बजे तक आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी सीधी ने सभी प्राचार्यों को पत्र लिख कर निर्देशित किया है कि समय - सीमा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों से अनिवार्य रूप से आवेदन कराये।

## नि:शुल्क राशन प्राप्त करने वाले सभी पात्र हितग्राहियों को ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 31 मई

**ई-केवाईसी नहीं कराने पर माह जून से खाद्यान्न प्राप्त नहीं हो सकेगा**

**सीधी।** जिला आपूर्ति अधिकारी जिला सीधी नागेंद्र सिंह ने जानकारी देकर बताया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित होने वाले नि:शुल्क राशन प्राप्त करने वाले सभी पात्र हितग्राहियों को ई-केवाईसी कराने शासन द्वारा 31 मई तक अंतिम अवसर दिया गया है। इधर अधिकारियों को भी विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार ई-केवाईसी के लिए चलाए जा रहे अभियान को 31 मई तक ई-केवाईसी शत-प्रतिशत पूर्ण कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुये हैं। भारत सरकार द्वारा स्मार्ट पीडीएस लागू करने से जिन हितग्राहियों की ई-केवाईसी नहीं होगी उन्हें खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।सीधी जिले में आज दिनांक की स्थिति में जिले के 1044825 सदस्यों में से 858592 सदस्यों की ई-केवाईसी की जा चुकी है, जो 82.47 प्रतिशत है। शेष 182473 सदस्यों की ई-केवाईसी किया जाना शेष है और निरंतर सभी उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं द्वारा ई-केवाईसी की जा रही है, जिन व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है, जो व्यक्ति अन्य स्थान पर चले गये हैं, जिन महिलाओं का विवाह होकर अन्य स्थान में रहती हैं एवं ऐसे व्यक्ति जिनके आधार अन्य राज्य के हो, डबल समग्र आईडी वाले व्यक्ति हो अथवा जो कार्डधारी 04 माह से खाद्यान्न प्राप्त नहीं किये हैं उन सभी को दिनांक 31.05.2025 तक नियमित रूप से डिलीट किया जाना है। ऐसे हितग्राही जिनके परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवाईसी नहीं हुई है वे उचित मूल्य दुकाने के विक्रेता से सम्पर्क कर दिनांक 31.05.2025 के पूर्व ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से करा ले अन्यथा हितग्राहियों को माह जून 2025 से खाद्यान्न प्राप्त नहीं होगा।

## प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस सीधी में सत्र 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

**सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी में उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशनुसार सत्र 2025-26 हेतु स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश के इच्छुक छात्र छात्राएं अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के सिंह ने अवगत कराया कि प्रवेश समय सारणी (प्रथम चरण) निम्नानुसार होगी-ऑनलाइन पंजीयन-15.05.25 से 30.05.25, पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन- 16.05.25 से 31.05.25 तक, प्रथम चरण के सीट आवंटन जारी करना- 05.06.25 प्रात: 11 बजे, आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान प्रारंभ करना, आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि (प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदको का ही प्रवेश मान्य होगा,प्रवेश शुल्क भुगतान न होने पर प्रवेश नहीं माना जाएगा)- 05.06.25 से 12.06.25 तक।ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया निम्नानुसार होगी- चरण 1- साइन अप/ पंजीकरण-समग्र आई डीअनिवार्य, चरण 2- लॉग इन फॉर्म- प्रवेशार्थी प्रवेश प्रक्रिया अपने मोबाइल, परिवार के मोबाइल, लैपटॉप, स्कूल, महाविद्यालय (शासकीय महाविद्यालय में आवेदन पत्र निशुल्क भरे जाएंगे जबकि शेष महाविद्यालय में निर्धारित शुल्क का भुगतान करके आवेदन किया जा सकता है ) कंप्यूटर सेंटर या लोक सेवा केंद्र से पंजीकरण फॉर्म भर सकते हैं।चरण 3- पात्रता विवरण-हायर सेकेंडरी विवरण/ स्नातक विवरण आवश्यक, चरण 4- आरक्षण और वेटेज-जाति प्रमाण पत्र आवश्यक है,चरण 5- दस्तावेज अपलोड करें- जन्म प्रमाण पत्र, मार्कशीट जाति प्रमाण पत्र (यदि आवश्यक हो तो), कैडर प्रमाण पत्र (यदि आवश्यक हो तो), मूल निवासी प्रमाण पत्र (यदि आवश्यक हो तो), आय प्रमाण पत्र (यदि आवश्यक हो तो), चिकित्सा



प्रमाण पत्र (यदि आवश्यक हो तो), अधिभार प्रमाण पत्र (यदि आवश्यक हो तो), अनापत्ति प्रमाण पत्र (यदि आवश्यक हो तो), ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र (यदि आवश्यक हो तो), पात्रता प्रमाण पत्र (यदि डाटा प्राप्त नहीं हो पाता है तो),चरण 6-कॉलेज चयनप्रक्रिया-प्रवेशार्थी अधिकतम 10 कॉलेज चुन सकते हैं,चरण 7- आगे बढ़े और लॉक करें- प्रवेशार्थी को अपनी भरी गई जानकारी की जांच करनी चाहिए, चरण 8- पंजीकरण फार्म का भुगतान करें-प्रवेशर्थी क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, यूपीआई, नेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं, चरण 9 -यदि विवरण स्वत लोड ना हो तो अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करें-यदि आपकी पूरी आईडी और डेटा गलत पाया जाता है तो फॉर्म स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा, चरण 10- महाविद्यालय (हेल्प सेंटर )स्वीकृत प्रदान करें अथवा सुधार हेतु छात्र को वापस भेजें, यदि विवरण सही पाए जाते हैं तो पंजीकरण फार्म हेल्प सेंटर द्वारा स्वीकृत कर दिया जाएगा अन्यथा हेल्प सेंटर द्वारा फॉर्म बैक टू स्टूडेंट किया जाएगा और छात्र को एक अलर्ट भेजा जाएगा। इसके बाद छात्र को लॉगिन करके अपने त्रुटि देखनी होगी और आवश्यक सुधार करके फॉर्म को पुन: सबमिट करना होगा, चरण 11- आवंटन-यदि प्रवेशार्थी को मेरिट के आधार पर चुने गए कॉलेज में प्रवेश मिलता है तो निर्धारित तिथि को आवंटन किया जाएगा,चरण 12- शुल्क जमा करना-यदि प्रवेशर्थी को आवंटन प्राप्त हो जाता है तो उन्हें निश्चित तिथि तक शुल्क का भुगतान करना होगा।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सीधी में निम्नलिखित पाठ्यक्रम संचालित है जिम छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकते हैं स्नातक पाठ्यक्रम( 1, 2 ,3, 4 वर्षीय) सर्टिफिकेट/ डिप्लोमा /डिग्री /ऑनर्स/ऑनर्स विथ रिसर्च बी.ए. विषय -अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र ,मनोविज्ञान, संस्कृत, इतिहास, भूगोल, हिंदी, अंग्रेजी, पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन (स्वविताीय) बी.एससी. विषय -वनस्पतिशास्त्र, रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र, भौतिकशास्त्र, गणित, कंप्यूटर साइंस, बायोटेक बी.कॉम. विषय- बी.कॉम. (सामान्य) बी.कॉम. (कंप्यूटर एप्लीकेशन) व्यवसायिक पाठ्यक्रम (स्नातक स्तर पर) विषय -बागवानी /डेयरी प्रबंधन/ सौंदर्य एवं स्वास्थ्य कल्याण/ जैविक खेती/ वित्त सेवा एवं बीमा/ कार्यालय प्रक्रिया और व्यवहार/ व्यक्तित्व विकास/ डेस्कटॉप प्रकाशन/ पर्यटन परिवहन और यात्रा सेवाएं/ विद्युत प्रौद्योगिकी / जीएसटी के साथ ई अकाउंटिंग और कराधान, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (1 वर्षीय एवं 2 वर्षीय) एम.ए. विषय- अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, संस्कृत, इतिहास, भूगोल, हिंदी, अंग्रेजी एम. एससी. विषय -वनस्पतिशास्त्र, रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र, भौतिकशास्त्र, गणित, कंप्यूटर साइंस (स्ववित्तीय) एम. कॉम. महाविद्यालय में कुछ विशेष पाठ्यक्रम संचालित हैं जो निम्नानुसार हैं बी.एससी. एग्रीकल्चर (स्ववित्तीय) बी. कॉम.-रिटेल ऑपरेशन (स्ववित्तीय) पी.जी.डी.सी.ए. ( 2 सेमेस्टर) (स्ववित्तीय) ए.आई. एवं फिनटेक विथ ए.आई. ( आईआई टी नई दिल्ली के सहयोग से सर्टिफिकेट कोर्स -स्नातक पाठ्यक्रम के साथ-साथ) किया जा सकता है।

## संपादकीय

# बेनकाब होगा पाक

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचों को नष्ट करने के बाद अब समय है इस्लामाबाद की हकीकत और भारत के बदले रुख से दुनिया को वाकिफ कराने का। पाकिस्तान तब तक अपनी हरकतों से बाज नहीं आएगा, जब तक उसे कुछ देशों का समर्थन मिलता रहेगा। इस समर्थन को कूटनीति के जरिये ही खत्म किया जा सकता है।पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश को आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर किया है। अभी तक पाकिस्तान अपनी करतूतों को परमाणु बम की ओट में छिपाता रहा था, लेकिन नई दिल्ली ने साफ चेतावनी दे दी है कि यह धमकी अब नहीं चलेगी। अगर पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों की आड़ में भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश की, तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत का न्यू नॉर्मल है और दुनिया को पता होना चाहिए कि पाकिस्तान की टेरर पॉलिसी के चलते यह नौबत आई है। अपने यहां मौजूद आतंकी ढांचों पर एक्शन तो दूर, पाकिस्तान ने उन्हें हमेशा बचाने की कोशिश की। ये अड्डे हिंदुस्तान और बाकी दुनिया के लिए भी बड़ा खतरा बने हुए थे।पाकिस्तान ने संघर्ष को भड़काने के लिए खूब झूठ फैलाया। उसका यह चेहरा बेनकाब करने की जरूरत है कि भारत से टक्कर की चाहत में वह अपने नागरिकों को भी ढाल बना लेता है, और नई दिल्ली की लड़ाई आम लोगों से नहीं बल्कि आतंकियों और उनके आकाओं से है। हिंदुस्तान ने सिंधु जल संधि को इसलिए निलंबित किया, क्योंकि एक तो इस ट्रीटी में भारतीय हितों का ख्याल नहीं रखा गया था और दूसरे, पाकिस्तान ने कभी पड़ोसी धर्म नहीं निभाया। पाकिस्तान को पानी पर सहानुभूति बटोरने का मौका नहीं मिलना चाहिए।पाकिस्तान बार-बार दुस्साहस इसलिए कर पाता है, क्योंकि उसे चीन और तुर्किये जैसे देशों से मदद मिल जाती है। इस बार भी इन दोनों मुल्कों ने अपने निहित स्वार्थ के चलते पाकिस्तान को सपोर्ट किया।

**बांध निर्माण से पहले बीते दो दशकों से दक्षिण लहोनक झील में क्षेत्रीय विस्तार की शुरुआत के संकेत मिल रहे थे. पहले के सर्वेक्षणों में, 16 ग्लेशियल झीलों के हिमोढ़ कमजोर होने की पहचान की गई थी. विशेषज्ञों ने ग्लोबल वार्मिंग के हिस्से के रूप में तापमान में वृद्धि को जीएलओएफ घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया. ऐसी चेतावनियों और प्रकृति में अशुभ संकेतों के बावजूद, बांध निर्माण को मंजूरी क्यों दी गई? एक सवाल जिसका अब तक जवाब नहीं मिल पाया है. अध्ययनों से यह तथ्य भी सामने आया है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने और ग्लेशियल झीलों के विस्तार से भविष्य में बाढ़ की तीव्रता और व्यापक जलमग्न क्षेत्र बनेंगे। इस लेखक को मिंकेट लेप्चा द्वारा निर्देशित 'वॉयस ऑफ तीस्ता' नामक एक वृत्तचित्र की स्क्रीनिंग के बाद लेप्चा समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ इन मुद्दों पर चर्चा करने का मौका मिला.**

# नदी को बहना चाहिए, क्या तीस्ता कभी अपने लिए बोल पाएंगी...

(सीपी राजेंद्रन)

तिब्बत की सीमा से लगे हिमालय में 7000 मीटर की ऊंचाई पर स्थित तीस्ता खांग्त्से ग्लेशियल से निकलने वाली 300 किमी से अधिक लंबी तीस्ता नदी बांग्लादेश में प्रवेश करने से पहले भारत के सिक्किम और पश्चिम बंगाल राज्यों से होकर बहती है. इन भारतीय राज्यों से गुजरने के बाद तीस्ता नदी बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है. यह नदी तटवर्ती राज्यों के लिए एक प्रमुख जल स्रोत और जलविद्युत परियोजनाओं के लिए खास है. यह रिवर सिक्किम के स्वदेशी समुदाय लेप्चा के जीवन में एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में जानी जाती है. इसके साथ ही सिक्किम के लोकगीतों में परिलक्षित एक परोपकारी शक्ति के रूप में एक विशेष स्थान रखती है।

**तीस्ता को लेकर आगाह कराते रहे हैं लेप्चा:** सिक्किम में तीस्ता नदी के किनारे रहने वाले लेप्चा समुदाय ने ग्लेशियल झील के फटने से होने वाली बाढ़ और अन्य पर्यावरणीय प्रभावों की संभावना के बारे में अक्सर अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं. लेप्चा वर्षों से नदी पर हो रहे बांधों के निर्माण के बारे में अपनी चिंताओं से आगाह कराते रहे हैं. उनका कहना है कि इसकी वजह से ये नदी के प्रवाह को बदल सकते हैं और उनकी आजीविका को प्रभावित कर सकते हैं. इस इलाके में मुख्य रूप से खेती और मछली पकड़ने का काम होता है. लेप्चा ने तीस्ता नदी पर निर्माण का हमेशा ही विरोध किया है. सिक्किम के प्रभावित नागरिकों ने तीस्ता नदी के संरक्षण और विकास परियोजनाओं से प्रभावित स्वदेशी समुदायों के अधिकारों की सक्रिय रूप से वकालत की. उनकी सबसे बुरी आशंकाएं तब सच साबित हुईं, जब तीस्ता आईआईआई बांध, जिसे चुंगथांग बांध के रूप में भी जाना जाता है. 4 अक्टूबर, 2023 को नष्ट हो गया. जिसके बाद दक्षिण ल्होनक झील से बाढ़ ने आकर तबाही मचाई।

अब घटनाओं के क्रम की बात करते हैं. 3 अक्टूबर 2023 को थोड़े समय के लिए भारी बारिश हुई. इस बारिश की वजह से सिक्किम के उत्तर-पूर्वी हिस्सा तबाह हो गया. हिमनद झील के किनारे ढह गए, जिससे लगभग 50 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी नीचे की ओर बह गया. इसकी वजह से लगभग 270 मिलियन क्यूबिक मीटर तलछट बह गई. साथ में 1.200 मेगावाट-तीस्ता-थर्ड जलविद्युत बांध बर्बाद हो गया. मुख्य तीस्ता थर्ड बांध के अलावा, बांध से बाहर पानी के साथ हिमनद बाढ़ ने 100 लोगों की जान ले ली. इस बाढ़ से हजारों लोग विस्थापित हो गए और उनके घरों और खेत नष्ट हो गए. इसके अलावा तीस्ता चौथा और पांचवी परियोजनाओं और तीस्ता लो डैम



थर्ड और चौथी, साथ ही पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में खेतों और इमारतों को भी नुकसान पहुंचा. अक्टूबर की बाढ़ की वजह से नीचे की ओर 45 अतिरिक्त भूस्खलन को जन्म दिया। बांध निर्माण से पहले बीते दो दशकों से दक्षिण लहोनक झील में क्षेत्रीय विस्तार की शुरुआत के संकेत मिल रहे थे. पहले के सर्वेक्षणों में, 16 ग्लेशियल झीलों के हिमोढ़ कमजोर होने की पहचान की गई थी. विशेषज्ञों ने ग्लोबल वार्मिंग के हिस्से के रूप में तापमान में वृद्धि को जीएलओएफ घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया. ऐसी चेतावनियों और प्रकृति में अशुभ संकेतों के बावजूद, बांध निर्माण को मंजूरी क्यों दी गई? एक सवाल जिसका अब तक जवाब नहीं मिल पाया है. अध्ययनों से यह तथ्य भी सामने आया है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने और ग्लेशियल झीलों के विस्तार से भविष्य में बाढ़ की तीव्रता और व्यापक जलमग्न क्षेत्र बनेंगे। इस लेखक को मिंकेट लेप्चा द्वारा निर्देशित 'वॉयस ऑफ तीस्ता' नामक एक वृत्तचित्र की स्क्रीनिंग के बाद लेप्चा समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ इन मुद्दों पर चर्चा करने का मौका मिला. इसमें तीस्ता नदी पर बांध निर्माण के खिलाफ सिक्किम के मूल निवासियों के संघर्ष को दिखाया गया है. यह स्क्रीनिंग 23 फरवरी, 2024 को बैंगलोर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित की गई थी. नीथी महेश, एक वन्य जीव पारिस्थितिकीविद् जो अब कूर्ग जिले में कावेरी के लिए एक नदी बहाली परियोजना पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, मेरे साथ मौजूद पैनलिस्टों में से एक थीं. अन्य पैनलिस्टों में सिक्किम से मायालमित लेप्चा और विनोना लेप्चा और साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रिवर्स एंड पीपल से परिणीता दांडेकर शामिल थीं।

इस तरह से हिमालय के पूरे क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण और जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण सहित बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है. हिमालय की नदियों का प्राकृतिक प्रवाह भी बांधों जैसी मानव निर्मित संरचनाओं द्वारा काफी हद तक बदल गया है. इससे वनों की कटाई और पानी और रेत की असंतुलित निकासी से यह और भी खतरे में पड़ गया है. हिमालय में बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए, सरकार पर्यावरणीय शासन को दरकिनार कर देती है और जलवायु परिवर्तन परिदृश्यों को अनदेखा कर देती है, इसकी वजह से ग्लेशियल झील के विस्फोटों से बढ़ते जोखिमों और स्वदेशी समुदायों की आकांक्षाओं और साधनों को बढ़ाते हैं। विकास की खोज में, स्थानीय आबादी और हाशिए पर पड़े लोगों की जरूरतों और आवाजों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

यह डॉक्यूमेंट्री इस मुद्दे को उठाती है और नदी स्रोत से लेकर अंत तक जाती है और स्थानीय लोगों की अनसुनी आवाज़ों को खोजने की कोशिश करती है, जो इन विकासों से प्रभावित हैं. यह तीस्ता नदी के स्रोत से लेकर उत्तर बंगाल के मैदानी इलाकों के किनारों तक और छोटी और बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं के माध्यम से इन नग्न आवाज़ों और तीस्ता नदी के साथ उनके बंधन, पीड़ा, अनुकूलन और सामंजस्य को पकड़ने की कोशिश करती है. ऐसा लगता है जैसे तीस्ता इन पहाड़ी समुदायों के माध्यम से अपनी आवाज और अपनी पीड़ा को खोजने की कोशिश कर रही है, जो तथाकथित विकास परियोजनाओं के बड़े पैमाने पर हमले के सामने अपनी जरूरतों और आजीविका को संतुलित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। तीस्ता नदी और उसकी सहायक नदियों पर जलविद्युत परियोजनाओं के खिलाफ प्रतिरोध का लंबा इतिहास रखने वाले लेप्चा लोग अब तीस्ता थर्ड बांध के पुनर्निर्माण के प्रस्ताव पर सवाल उठा रहे हैं. पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति के मुताबिक, नया बांध कंक्रीट का गुरुत्वाकर्षण बांध होगा, जबकि पहले वाला बांध रॉकफिल कंक्रीट-फेस वाला बांध था. बांध की प्रस्तावित ऊंचाई सबसे गहरे नींव स्तर से 118.64 मीटर है. मूल बांध नदी तल स्तर से 60 मीटर ऊंचा था.

# राष्ट्र बड़ा या धर्म? सांसद ने देश सेवा पर उर्स की तैयारियों को तवज्जो क्यों दी?

(नीरज कुमार दुबे)

आप यह जानकर चौंक जाएंगे कि एक सांसद महोदय ऐसे भी हैं जिन्होंने अंतिम समय में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने से इंकार कर दिया था। उनके इंकार की बात तब सामने आई जब वह विदेश मंत्रालय की ओर से प्रतिनिधिमंडल को दी जाने वाली ब्रीफिंग में नहीं पहुँचे थे।

भारत ने दुनिया के 33 देशों में अपने सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को भेजा है ताकि पाकिस्तानी आतंक की वीभत्सता से सभी को परिचित कराया जा सके। इस समय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में वहां की सरकारों और प्रमुख लोगों को पाकिस्तानी आतंकवाद और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार के बारे में जानकारी दे रहे हैं और उन देशों का समर्थन हासिल कर रहे हैं। देखा जाये तो इस समय सभी राजनीतिक दलों के बीच जो एकता नजर आ रही है उसी के चलते हम दुनिया के सामने मजबूती से अपना पक्ष रख पा रहे हैं। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में शामिल सांसद देश की सेवा के लिए यह अवसर प्रदान करने के लिए मोदी सरकार का शुक्रिया अदा कर रहे हैं।

लेकिन आप यह जानकर चौंक जाएंगे कि एक सांसद महोदय ऐसे भी हैं जिन्होंने अंतिम समय में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने से इंकार कर दिया था। उनके इंकार की बात तब सामने आई



जब वह विदेश मंत्रालय की ओर से प्रतिनिधिमंडल को दी जाने वाली ब्रीफिंग में नहीं पहुँचे थे। उनका यह कहना था कि मेरा पहले से एक कार्यक्रम तय है इसलिए मैं सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा नहीं बन पाउंगा। यहां सवाल उठता है कि देश हित से बड़ा और राष्ट्र की सुरक्षा से बड़ा और क्या काम या कार्यक्रम हो सकता है जिसमें उन सांसद महोदय का भाग लेना जरूरी हो गया था?

हम आपको बता दें कि जिन सांसद महोदय ने प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनने से इंकार किया वह हैं जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अनंतनाग-राजौरी से सांसद मियां अल्ताफ अहमद। उन्होंने सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से खुद को अलग कर लिया है, जो वर्तमान में पांच देशों के दौरे पर है। सांसद अल्ताफ अहमद को डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंड में शामिल होना था। वर्तमान में यह प्रतिनिधिमंडल रूस में है और वहां से यह स्लोवेनिया, ग्रीस, लातविया और स्पेन जायेगा।

हम आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ एनसी नेता और प्रभावशाली धार्मिक व्यक्तित्व मियां अल्ताफ ने इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं होने का कारण पूर्व निर्धारित प्रतिबद्धताओं को बताया है। उन्होंने कहा है कि हर वर्ष जून के पहले सप्ताह में गांदरबल जिले के कंगन स्थित वांगथ में मनाए जाने वाले उर्स के मद्देनज़र मैं प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं हो पाऊंगा। हम आपको बता दें कि मियां अल्ताफ अहमद बाबा जी साहिब लारवी वांगथ की दरगाह के सज्जादा नशीन (धार्मिक संरक्षक) भी हैं, जहां हर साल उर्स के दौरान हज़ारों श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा है कि हां, मेरी पार्टी ने मेरा नाम प्रतिनिधिमंडल के लिए भेजा था, लेकिन आगामी उर्स से जुड़ी कुछ जिम्मेदारियों के कारण मैं इस दौरे में शामिल नहीं हो पा रहा हूं। उन्होंने कहा है कि विदेश मंत्रालय और उनकी पार्टी को इस बारे में सूचित कर दिया गया है और उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है।

बहरहाल, यहां सवाल उठता है कि मियां अल्ताफ अहमद ने राष्ट्र हित से ज्यादा उर्स को महत्व क्यों दिया? उर्स तो हर वर्ष लगता है लेकिन देश ने सेवा के लिए अल्ताफ अहमद को इस समय पुकारा था। सवाल उठता है कि क्या राष्ट्र से ज्यादा धर्म को तवज्जो देने वाले लोगों को राजनीति में होना चाहिए? सवाल उठता है कि क्या राष्ट्र सुरक्षा से ज्यादा धार्मिक मेले की तैयारियों को तवज्जो देने वाले व्यक्ति को जनप्रतिनिधि के रूप में चुना जाना चाहिए? सवाल यह भी उठता है कि जिस कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ क्या वहां के सांसद को विदेशों में जाकर इस निर्मम हत्याकांड के मुद्दे पर पाकिस्तान को आड़े हाथ नहीं लेना चाहिए था? (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## वर्ग पहेली 5743

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | | 9 | ■ | 10 | |
| | ■ | | ■ | 11 | 12 | | ■ |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | | ■ | 16 |
| ■ | 17 | 18 | ■ | | ■ | 19 | |
| ■ | 20 | | | | ■ | 21 | |
| ■ | 22 | | ■ | ■ | 23 | | ■ |
| 24 | | | ■ | 25 | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह हमारा राष्ट्रीय वृक्ष है (4)
5. शरीर के अंगों के जोड़ संबंधी एक रोग (3)
8. पैर का आघात, पैरों से कुचलने की क्रिया (5)
10. गहरा दुख, शोक (2)
11. यदि ऐसा न होगा, विवाह के समय वधू का वर को अंगीकार करना (3)
13. उरस्थल को यह कहा जाता है (2)
15. जीवयुक्त, जीवित, जीवधारी (3)
17. जो रिश्ते में माता के भाई हो, मातुल (2)
19. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय जो देव और दानव दोनों को प्रिय था (2)
20. एक प्रकार का हास्य रस प्रधान रूपक (4)
21. निष्पत्ति, समाधान, निराकरण (2)
22. दीवानी अदालत का अभियोग, नालिश, अधिकार, स्वामित्व (2)
23. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
24. कपि, बंदर (3)
25. किसी के अपेक्षा और अधिक अच्छा (4)

**ऊपर से नीचे**

1. बलवीर, बलभद्र, सीरायुध, बलदेव (4)
2. ध्यानमग्न, प्रवृत्तिशील, मनोयोग से काम में लगा हुआ (2)
3. संगीत का विशेष कंपन, महक, सुगंध (3)
4. दुख, तकलीफ, कष्ट (3)
6. बौना, छोटे कद का (3)
7. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)
9. नई जिंदगी, नया जीवन (5)
12. आवाज, शब्द, शोरगुल (2)
14. क्षमादान करने की क्रिया या भाव (5)
16. सांवले रंग का (3)
18. प्रतिमास, प्रति महीने में (4)
19. संग, साथ, संगत (4)
23. पथ, मार्ग, रास्ता (2)

### वर्ग पहेली 5742 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | य | न | ला | रा | ■ | ता | ■ |
| जी | ■ | ख | ■ | शि | का | य | त |
| ल | ह | रा | ना | ■ | फि | क | रा |
| ■ | ठ | ■ | क | म | ला | ■ | श |
| वि | ■ | ह | की | म | ■ | घा | ना |
| प्र | ति | वा | सी | ■ | मू | ल | ■ |
| ■ | र | ■ | ध | नु | ■ | मे | ला |
| ग | प | ■ | मैं | ■ | पा | ल | ना |

# शिक्षा का स्वर्णकाल

(रमेश जोशी)

**आज तोताराम कुछ उदास था।**

हमने छेड़ा- क्या बात है ? जब सारा देश भारत की इस अभूतपूर्व विजय पर खुशी से पागल है। पाकिस्तान और आतंकवाद की कमर टूट चुकी है, चीन भी डरा-सहमा है कि कहीं मोदी जी और जयशंकर उसकी ओर भी वक्र दृष्टि डालकर कमर न तोड़ दें। जगह जगह तिरंगा-यात्राएं निकाली जा रही हैं। देश का अब तक का नेहरू, शास्त्री और इंदिरा के काल का धूल में मिल चुका स्वाभिमान फिर जागृत हो चुका है। देश को जोश और वीरता से लबालब करने के लिए मोदी जी ने जगह जगह अपने सैनिक वेश में होर्डिंग लगवा दिए हैं, यहां तक कि लोगों में वीर रस उंड़ेलने के लिए रेल टिकट तक पर भी अपना फ़ोटो छपवा दिया है तो ऐसे में तू क्यों रोनी सूरत बनाए हुए है। कहीं किसी देश भक्त ने आरोप दर्ज करवा दिया कि तोताराम मोदी जी की इस अभूतपूर्व विजय से खुश नहीं है तो भले ही विजय शाह का कुछ न बिगड़े लेकिन तुझे जरूर महामूदाबादी की तरह पुलिस पकड़ ले जाएगी।

बोला- तो फिर मेरी उदासी का कारण मुझसे पूछे बिना ही क्यों ऑपरेशन सिंदूर के बाद मोदी जी के राष्ट्र के नाम संदेश में मुख्य मुद्दे के अतिरिक्त सब कुछ बोले जा रहा है। मेरी उदासी का कोई और कारण भी तो हो सकता है ?

हमने कहा- भले ही अपने कुटिल और नीच बयान के लिए मध्यप्रदेश के केबिनेट मंत्री विजय शाह को कोर्ट के आदेश के बावजूद पार्टी से नहीं निकाला गया हो और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के बेवड़ा जैसे बयान के लिए कुछ नहीं कहा गया हो लेकिन हम तुझसे माफी मांगते हैं। अब तो अपनी उदासी का कारण बता।

बोला- भाई साहब हमने 1960 में बारहवीं की परीक्षा देकर मूर्खता की। ज़िंदगी भर थर्ड डिवीजन का कलंक ढोते रहे। अगर आज करते तो कम से कम फर्स्ट डिवीजन तो जरूर ही आ जाती। आज ही शेखावटी भास्कर में छपा है कि राजस्थान बोर्ड की 2025 की बारहवीं की परीक्षा में 94.38 प्रतिशत विद्यार्थियों को फर्स्ट डिवीजन मिली है।

हमने कहा- काश, हमारे जमाने में ऐसी शिक्षा-प्रेमी डबल इंजन की सरकार होती और ऐसे अच्छे शिक्षक होते ! क्या करें वह तो नेहरू जी का पिछड़ा युग था। हमारे प्रिंसिपल सक्सेना जी आगरा यूनिवर्सिटी के गोल्ड मेडलिस्ट थे लेकिन सेकंड डिवीजन। अंग्रेजी वाले गुप्ता जी तो थर्ड डिवीजन एम ए थे। 1952 में एक लड़का हाईस्कूल में फर्स्ट डिवीजन आया था तो उसका कॉलेज मैगजीन में फ़ोटो छपा था। बाद में वही इंटर में स्टेट टापर और बी कॉम में भी स्टेट टापर बना। और बिड़ला कंसर्न में लेखा विभाग में बहुत बड़े पद से रिटायर हुआ। लेकिन अब क्या करें ?

बोला- करें क्या, राजस्थान बोर्ड से साइंस में 12 वीं कर लेते हैं, फर्स्ट डिवीजन पक्की।ॉ

हमने कहा- लेकिन अब हमारे वाला वह ज़माना नहीं रहा जब आठवीं पास को भी नौकरी मिल जाती थी। अब तो दस दस हजार में इंजीनीयर, एम बी ए, प्राइवेट कॉलेज में लेक्चरार काम कर रहे हैं। बार बार पेपर लीक हो जाते हैं। युवक इसी चक्कर में ओवरेज हुए जा रहे हैं। सुना है आईआईटी मुंबई के सभी पासआउट तक को प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है।

# आज का राशिफल

**मेष**

आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा और आप भावनात्मक रूप से मजबूत होंगे। ऑफिस में यदि अतिरिक्त समय देना पड़े तो चिंता न करें, घर की ओर से पूरा समर्थन रहेगा। आपके प्रफेशनल नेटवर्क में कोई प्रभावशाली व्यक्ति आपकी मेहनत से प्रभावित होकर आपको प्रमोशन या नए प्रॉजेक्ट के लिए नामित कर सकता है।

**वृष**

आज तरक्की के योग बन रहे हैं। दिन ऊर्जा और जोश से भरा है। कार्यस्थल पर आप जो भी काम उत्साहपूर्वक करेंगे, उसमें सफलता निश्चित है। सरकारी नौकरी वालों को कोई महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हो सकती है। पुराने निवेशों से रिटर्न मिलने की संभावना है और अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

**तुला**

आज आर्थिक लाभ होगा। पारिवारिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से मन प्रसन्न रहेगा, जिससे आप धन और करियर पर पूरी तरह फोकस कर पाएंगे। ऑफिस में अकाउंट्स या दस्तावेज़ से जुड़े किसी काम में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी, इसलिए उन्हें पहले से तैयार रखें।

**वृश्चिक**

आज अपने इनोवेटिव आइडियाज को लागू करने का अवसर मिलेगा। यदि आप मीडिया, राजनीति या पब्लिक रिलेशन से जुड़े हैं, तो नए कॉन्टैक्ट बन सकते हैं। बिजनस में किसी क्लाइंट के साथ डील फाइनल करते वक्त रिश्तों की अहमियत समझें।

**मिथुन**

आज फाइनेंस से जुड़े अहम निर्णय लेने के लिए दिन सर्वोत्तम है, क्योंकि आने वाले दिनों में समय की कमी रहेगी। बैंक या टैक्स से जुड़े किसी दस्तावेज़ पर साइन करने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लें।

**कर्क**

आज आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक और आत्मिक ऊर्जा आपको सकारात्मक बनाएगी, जिससे आपके निर्णयों में स्थिरता आएगी। कार्यक्षेत्र में आप किसी बौद्धिक या क्रिएटिव प्रॉजेक्ट को सफलतापूर्वक संभाल सकते हैं।

**धनु**

आज दिन व्यस्त साबित होगा। आपके सामने कार्यभार अधिक रहेगा, लेकिन साथ ही उनमें सफलता की भी संभावना प्रबल है। किसी लंबे समय से रुके हुए प्रॉजेक्ट को आप पूरी कुशलता से अंजाम देंगे। आत्मविश्वास और अनुभव का सही उपयोग आपको नेतृत्व की ओर ले जा सकता है।

**मकर**

आज करियर में लाभ का दिन है। घर के जरूरी कामों में अधिक समय लग सकता है, लेकिन करियर को लेकर भी आपको सजग रहना चाहिए। यदि आप लीगल या डॉक्यूमेंटेशन से जुड़े हैं तो किसी पेपर पर हस्ताक्षर करने से पहले पूरा विवरण पढ़ना जरूरी होगा।

**सिंह**

आज ऑफिस में टीमवर्क और लीडरशिप सभी को प्रभावित करेगी। आप अपने साथियों का भरोसा जीतने में सफल रहेंगे। यदि कोई कानूनी विवाद या सरकारी अड़चन लंबे समय से चल रही थी, तो उसका समाधान निकल सकता है।

**कन्या**

आज रचनात्मकता चरम पर होगी। यदि आप आर्ट, डिजाइन, राइटिंग या सोशल मीडिया से जुड़े हैं तो दिन कुछ नया और लाभदायक आरंभ करने के लिए उत्तम है। पैसे की थोड़ी तंगी हो सकती है, पर शाम तक कोई आर्थिक सहायता या बकाया मिल सकता है।

**कुंभ**

आज किसी खुशखबरी के आने की पूरी संभावना है। शायद कोई इंटरव्यू कॉल या नया बिजनस प्रपोज़ल। छोटी यात्रा से आपको नए कॉन्टैक्ट्स मिल सकते हैं, जो करियर और बिजनस दोनों के लिए लाभदायक रहेंगे। अगर आप सेल्स या मार्केटिंग में हैं तो बड़ी डील हो सकती है।

**मीन**

आज दिन थोड़ा सा उलझन भरा साबित हो सकता है। सुबह थोड़ी सुस्ती या मानसिक उलझन रह सकती है, लेकिन जैसे-जैसे दिन बढ़ेगा आप बेहतर महसूस करेंगे। ऑफिस में किसी प्रेजेंटेशन या एनालिसिस से जुड़ा काम आपकी प्रतिभा को उजागर करेगा।

# विदेश में नौकरी के लिए युवाओं को तैयार कर रहा मेघालय

**शिलांग, एजेंसी।** पूर्वोत्तर भारतीय राज्य मेघालय अपने युवाओं को विदेशी भाषाओं में ट्रेनिंग देकर काम करने बाहर भेज रहा है.इससे युवाओं के लिए नए रास्ते खुल रहे हैं.पूर्वोत्तर भारत के राज्य मेघालय ने अब अपने युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाने की गंभीर पहल की है.राज्य सरकार ने जर्मन संस्थाओं के सहयोग से एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत नर्सिंग और हेल्थ सेक्टर से जुड़े युवा अब जर्मनी में नौकरी कर सकेंगे.शुरुआत के लिए 20 युवाओं का एक बैच चुना गया है जिन्हें छह महीने तक जर्मन भाषा का बी2 स्तर तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है.इसके बाद वीजा और इंटरव्यू की प्रक्रिया पूरी होने पर उनकी नियुक्ति जर्मनी के अस्पतालों में की जाएगी. योजना नहीं, निवेश है।

मुख्यमंत्री कोनराड संगमा इस कार्यक्रम को आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की एक शुरुआत मानते हैं.उनके अनुसार, अगर हम 30,000 पेशेवरों को विदेश भेजने में सफल होते हैं, तो वे हर महीने करीब 250 करोड़ रुपये राज्य में भेज सकते हैं.यह रकम सालाना 3,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है मुख्यमंत्री का कहना है कि यह योजना केवल एक नौकरी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक निवेश है जो राज्य की युवा आबादी को वैश्विक ताकत में बदल सकता है.कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत शिलॉन्ग में हुई जहां कोलकाता स्थित जर्मन वाणिज्य दूतावास की डिप्टी कार्उसिल जनरल आंद्रेया येस्के और पीपल2हेल्प संस्था के कंट्री डायरेक्टर जनरल यान एबेन भी मौजूद थे.येस्के ने कहा, जर्मन स्वास्थ्य प्रणाली को 2035 तक लाखों कुशल पेशेवरों की जरूरत होगी, और भारत जैसे देशों से सहयोग अनिवार्य है.

मेघालय की यह पहल समय की मांग के अनुरूप है उन्होंने आगे कहा, हम इन युवाओं को सिर्फ स्वास्थ्य पेशेवर नहीं, बल्कि भारत और जर्मनी के बीच सांस्कृतिक समझ के दूत के रूप में देखते हैंमहिलाएं बढ़ा रही हैं भरोसाइस योजना में



भाग ले रही एक युवती ने डीडब्ल्यू को बताया, मेरी एक रिश्तेदार जापान में काम कर रही है.उसे देखकर ही मैंने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने का फैसला किया.अब मैं विदेश में अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहती हूंयह बयान उन कई लड़कियों की भावनाओं को जाहिर करता है जो सीमित संसाधनों और अवसरों के बावजूद अपने जीवन को बदलने के लिए तैयार हैं.सामाजिक संगठनों ने भी इस पहल का स्वागत किया है.

एक स्थानीय संगठन के सचिव जोबी लिंगदोह ने कहा, यह कार्यक्रम बाकी युवाओं को भी प्रेरित करेगा, लेकिन इसे केवल एक बार की पहल न बनाकर नियमित और स्थायी कार्यक्रम में बदला जाना चाहिएवहीं एक महिला संगठन की प्रमुख ईके संगमा ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ी पहल बताया.उन्होंने कहा, युवतियों की भागीदारी दिखाती है कि वे अब पूर्वोत्तर की सीमाओं से निकलकर दुनिया में अपनी जगह बनाने को तैयार हैंसम्मान भी जरूरीहालांकि इस पहल के फायदे स्पष्ट हैं, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण सवाल भी उठते हैं.क्या स्थानीय स्वास्थ्य सेवाएं तब प्रभावित होंगी जब कुशल प्रोफेशनल विदेश जाएंगे? क्या विदेशों में काम करने वाले युवाओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी? मुख्यमंत्री संगमा का कहना है, हमारी योजना में यह सुनिश्चित किया गया है कि हर प्रतिभागी को सुरक्षित, सम्मानजनक और पेशेवर माहौल में काम करने का अवसर मिलेमेघालय सरकार पहले ही जापान और सिंगापुर में इस तरह के मॉडल पर काम कर चुकी है.अब जर्मनी के साथ साझेदारी इस प्रयास को और व्यापक बनाने जा रही है.हाल ही में जापान की एक प्रमुख रोजगार एजेंसी का प्रतिनिधिमंडल भी मुख्यमंत्री से मिला और शिलांग में जापानी भाषा अकादमी खोलने पर चर्चा हुई.मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा, यह सिर्फ भाषा प्रशिक्षण नहीं, बल्कि वैश्विक करियर की ओर पहला कदम है।




## पाकिस्तान की कमर तोड़ने का तैयार है प्लान, पांच एशियाई विदेश मंत्री आ सकते हैं भारत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने पाकिस्तान की कमर तोड़ने का प्लान तैयार कर लिया है। पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। वहीं चाबहार बंदरगाह के जरिए भारत पाकिस्तान को अलग-थलग कर देना चाहता है। हाल के दिनों में पाकिसतान और तालिबान के बीच संबंध खराब हुए हैं। भारत चाहता है कि पाकिस्तानी बंदरगाहों पर निर्भरता कम हो जाए। वहीं ईरान चाहता है कि इस बंदरगाह के जरिए वह भारत के नेतृत्ववाले अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे में शामिल हो जाए। अगले महीने सेंट्रल एशिया के पांच विदेश मंत्री भारत आ सकते हैं। उस दौरान भारत पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, सीमापार आतंकवाद और पाकिस्तान पर व्यापार की निर्भरता को कम करने का मुद्दा उठा सकता है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के आसपास सेंट्रल एशिया आतंकवाद का शिकार लंबे समय से रहा है। अफगानिस्तान में भी सीमापार आतंकवाद की समस्या बढ़ रही है। जून में होने वाली विदेश मंत्रियों की यह बैठक पहले 2022 में ही गणतंत्र दिवस के मौके पर होनी थी। हालांकि किसी वजह से उस समय यह मीटिंग नहीं हो पाई थी। ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक विदेश मंत्रियों की इस बैठक में आतंकवाद के खिलाफ एक्शन और यूरेशिया में आईएनएसटीसी और चाबहार पोर्ट के जरिए व्यापार को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। जून के महीने में कजाकिस्तान, किर्गिज रिपब्लिक, तजाकिस्तान, तुर्किमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री भारत आ सकते हैं। कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान ने पहले से ही आईएनएसटीसी और चाबहार पोर्ट के जरिए भारत से व्यापार शुरू कर दिया है।

# मैं प्रेरित करना चाहता था, देश की महिलाएं कायर नहीं: बीजेपी सांसद जांगड़ा की सफाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीजेपी राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने अपने विवादित बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर युवाओं को प्रेरित करने को लेकर ऐसा बोला था, किसी अन्य संदर्भ में नहीं मगर इसे दूसरा रूप दे दिया गया। जांगड़ा ने कहा कि मेरे बयान का संदर्भ था कि हमारे देश की महिलाओं को झांसी की रानी और अहिल्याबाई होलकर का इतिहास पढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मैं यह कभी नहीं मानता कि हमारे देश की महिलाएं कायर और कमजोर हैं, बल्कि हमारे देश की महिलाएं तो वीर हैं। महिलाओं को अपने अंदर झांसी की रानी और अहिल्याबाई होलकर के जब्बे को जगाने की जरूरत है। जिस तरीके की परिस्थितियां पहलगाम में सामने आईं, ऐसी स्थिति से वीरता के साथ लड़ने में सक्षम हों।

विपक्ष के बढ़ते दबाव के बाद भाजपा हाईकमान राज्यसभा सांसद जांगड़ा पर कार्रवाई कर सकता है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जांगड़ा को तलब कर सकते हैं। हरियाणा से बीजेपी के राज्यसभा सांसद अपने विवादित बयान पर चारों तरफ से ?घिरे हुए हैं। कांग्रेस महासचिव



जयराम रमेश ने कहा कि बीजेपी नेता लगातार भारतीय सेना और शहीदों का अपमान कर रहे हैं, जो उनकी ओछी और घटिया मानसिकता को उजागर करते हैं। जांगड़ा का यह शर्मनाक बयान बताता है कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा इतनी संवेदनहीन हो चुकी है कि पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों के बलिदान के लिए सुरक्षा चूक को जिम्मेदार ठहराने के बजाय भाजपा सांसद शहीदों व उनकी पत्नियों पर ही सवाल उठा रहे हैं।

### रामचंद्र जांगड़ा ने क्या कहा था

हरियाणा के भिवानी में आयोजित अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान कार्यक्रम को बीजेपी राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने संबोधित किया। उन्होंने पहलगाम हमले को लेकर कहा कि जिनका सिंदूर छीना गया, उनमें वीरांगना का भाव नहीं था। उन्होंने कहा कि महिला पर्यटकों में जोश और जज्बे की कमी थी। महिलाएं हाथ जोड़ने की बजाय मुकाबला करतीं तो कम लोग मरते।

महिलाएं रानी लक्ष्मीबाई और अहिल्याबाई बनकर आतंकियों का मुकाबला करतीं। जांगड़ा ने कहा, अगर हर पर्यटक अग्निवीर होता तो आतंकियों को घेर लेते। इसी सोच के साथ पीएम मोदी ने आग्निवीर योजना की शुरुआत की थी। यह ट्रेनिंग पर्यटकों के पास होती तो 3 आतंकवादी 26 लोगों को नहीं मार पाते। अगर पर्यटकों के हाथ में लाठी, डंडा कुछ भी होता और वे चारों तरफ से आतंकवादियों की तरफ दौड़ते, तो मैं दावा करता हूं कि शायद 5 या 6 लोगों की जान जाती लेकिन तीनों आतंकवादी भी मारे जाते। हाथ जोड़ने से कोई नहीं छोड़ता। जो आतंकी मारने के लिए आए, उनमें दया का भाव नहीं था। हमारी जिन बहनों के माथे का सिंदूर छीना गया, उनमें वीरांगना का भाव नहीं था, जोश नहीं था, जज्बा नहीं था। इसलिए वे हाथ जोड़कर गोली का शिकार बन गईं। बहनों को तो उस समय अहिल्याबाई की तरह प्रतिकार करना चाहिए था।

### खरगे ने साधा जोरदार निशाना

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भाजपा नेता पहलगाम पीड़ितों और सशस्त्र बलों को बदनाम करने के लिए एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के शर्मनाक बयान ने एक बार फिर आरएसएस-भाजपा की ओछी मानसिकता को उजागर कर दिया है। कांग्रेस ने कहा कि जांगड़ा के बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व की चुप्पी को मौन स्वीकृति के तौर पर देखा जाना चाहिए। पीएम मोदी को इसे लेकर माफी मांगनी चाहिए और सांसद को बर्खास्त करना चाहिए।

## बॉयफ्रेंड के साथ रिसॉर्ट गई महिला; भोजन करते वक्त गले में फंसा चिकन का टुकड़ा, मौत

**पालघर , एजेंसी।** महाराष्ट्र के पालघर में एक रिसॉर्ट में ठहरी 27 वर्षीय महिला की भोजन के दौरान दम घुटने से मौत हो गई। यह घटना 23 मई को हुई। केलवा पुलिस स्टेशन की इंस्पेक्टर विजया गोस्वामी ने बताया कि महिला अपने प्रेमी के साथ रिसॉर्ट में गई थी। रात के खाने के दौरान अचानक उसे सांस लेने में तकलीफ हुई और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोस्वामी ने कहा कि महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, ऐसा लगता है कि चिकन का एक टुकड़ा उसकी भोजन नली में फंस गया था। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया, हमने फिलहाल इसे आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं ताकि मौत का सटीक कारण पता चल सके। पुलिस किसी भी तरह की साजिश या लापरवाही की संभावना को खारिज करने के लिए जांच कर रही है। वहीं, महाराष्ट्र में मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर खोपोली के निकट कई वाहनों की टक्कर में एक किशोरी सहित 2 महिलाओं की मौत हो गई। 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस उपाधीक्षक विक्रम कदम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मुंबई की ओर जाने वाले मार्ग पर ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया, जिससे पीछे से आ रहे एक ट्रक, तीन बसें और तीन कार भी टकरा गए। इस दौरान, ट्रेलर और बस के बीच एक कार पिसकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## हिमाचल के डीजीपी ने शिमला एसपी के निलंबन की सिफारिश की, सरकार को लिखा पत्र

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल पावर कॉर्पोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत की सीबीआई जांच के आदेशों के बाद हिमाचल पुलिस के भीतर उठा विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। एसपी शिमला संजीव गांधी द्वारा राज्य के डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा पर गंभीर आरोप लगाने के बाद डीजीपी ने सरकार को पत्र भेजकर एसपी को निलंबित करने की सिफारिश कर दी है। डीजीपी ने गृह विभाग को भेजे अपने पत्र में लिखा है कि एसपी शिमला ने गंभीर अनुशासनहीनता की है। उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की है और कर्तव्यों में लापरवाही बरती है। उन्होंने कहा कि संजीव गांधी का व्यवहार अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम, 1968 और हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 का स्पष्ट उल्लंघन है। डीजीपी ने पत्र में स्पष्ट किया है कि हिमाचल हाई कोर्ट ने 23 मई को विमल नेगी मौत मामले में एसपी शिमला की भूमिका पर गंभीर टिप्पणियां की हैं। इसके अगले ही दिन 24 मई को एसपी ने एक प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार के मुख्य सचिव और एक संवैधानिक पदाधिकारी पर बिना प्रमाण के आरोप लगाए। इतना ही नहीं, उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और केंद्र सरकार से जुड़े एक जांच मामले में भी भ्रामक और तथ्यहीन बयान दिए, जिससे संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा प्रभावित होने का खतरा है और केंद्र व राज्य सरकार के बीच संबंधों में तनाव की स्थिति खड़ी हो सकती है।

### डीजीपी बोले- सरकार की आलोचना कर रहे एसपी

डीजीपी का पत्र में कहना है कि एसपी संजीव गांधी का आचरण सेवा नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी सार्वजनिक मंच से सरकार की आलोचना नहीं कर सकता। उन्होंने गृह विभाग से अनुरोध किया है कि एसपी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए और पुलिस मुख्यालय रिपोर्ट करने को कहा जाए। गौरतलब है कि 10 मार्च को शिमला से लापता हुए चीफ इंजीनियर विमल नेगी का शव 18 मार्च को गोविंदसागर झील (बिलासपुर) से बरामद हुआ था। इस मामले की जांच एसपी शिमला की अगुवाई में गठित एसआईटी कर रही थी। लेकिन, मृतक की पत्नी किरण नेगी ने एसआईटी पर भरोसा न जताते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की। 23 मई को अदालत ने सीबीआई जांच के आदेश देते हुए एसआईटी की जांच पर सवाल उठाए।

### एसपी ने कहा- डीजीपी के हलफनामे से निष्पक्ष जांच को ठेस

सीबीआई जांच के आदेश के अगले ही दिन एसपी संजीव गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीजीपी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि डीजीपी द्वारा कोर्ट में दाखिल किया गया हलफनामा न केवल गैर जिम्मेदाराना है बल्कि इससे एसआईटी की निष्पक्ष जांच की साख को ठेस पहुंची है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वे हाई कोर्ट में इस हलफनामे को चुनौती देंगे।

### नशा तस्करों से स्टाफ के संबंध का सनसनीखेज दावा

एसपी गांधी ने डीजीपी के निजी स्टाफ पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि डीजीपी के स्टाफ का एक सदस्य नशा तस्करी के गिरोह से जुड़ा पाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले सीआईडी के एक गोपनीय पत्र के लीक होने में भी डीजीपी स्टाफ की भूमिका संदिग्ध है। गांधी ने कहा कि उनकी कई महत्वपूर्ण जांचों को रोकने और दिशा मोड़ने के प्रयास हुए। उन्होंने इन प्रयासों के पीछे पुलिस मुख्यालय और राजनीतिक संरक्षण की भूमिका होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह उनकी 25 वर्षों की ईमानदार सेवा को कलंकित करने का षड्यंत्र है, जिसे वे कभी स्वीकार नहीं करेंगे।



## जुपिटर की आंध्र प्रदेश में 2700 करोड़ रुपये के निवेश से संयंत्र स्थापित करने की योजना

**अमरावती, एजेंसी।** जुपिटर रिन्यूएबल्स आंध्र प्रदेश में सौर सेल विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 2,700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। राज्य में संयंत्र स्थापित करने वाली यह तीसरी कंपनी होगी। राज्य तेजी से सौर मॉड्यूल और सेल उत्पादन में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा निवेश को मंजूरी देने के आदेश में कहा गया,कोलकाता स्थित जुपिटर इंटरनेशनल की अनुषंगी कंपनी जुपिटर रिन्यूएबल्स, 2,700 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अनकापल्ली जिले के रामबिल्ली में 4.8 गीगावाट (जीडब्ल्यू) सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) सेल एवं 1.5 गीगावाट मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना बना रही है। जुपिटर राज्य में सौर ऊर्जा विनिर्माण आधार स्थापित करने वाली तीसरी कंपनी है। राज्य अब इस क्षेत्र में गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु जैसे अग्रणी राज्यों को चुनौती दे रहा है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर गरजे बेनीवाल बोले प्रधानमंत्री मोदी बताए, आतंकी कैंप क्यों रहे सलामत?

**जयपुर, एजेंसी।** नागौर सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख हनुमान बेनीवाल ने रविवार को जयपुर के मानसरोवर में आयोजित युवा आक्रोश रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश का युवा 'ऑपरेशन सिंदूर' से ठगा हुआ महसूस कर रहा है। अगर ऑपरेशन जरूरी था, तो आतंकी कैंपों को क्यों छोड़ा गया? पीओके पर कब्जा क्यों नहीं किया गया? उन्होंने पीएम मोदी पर भावनात्मक प्रहार करते हुए कहा, आपने रगों में लहू की बजाय सिंदूर बहा दिया। इससे बड़ा अपमान इस देश का नहीं हो सकता। सिंदूर हमारी सभ्यता का प्रतीक है, जिसे मां-बहनें मिटने नहीं देतीं।

**भाजपा पर जातिवाद और वादाखिलाफी के आरोप :** बेनीवाल ने भाजपा पर जातिवाद फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि एसआई भर्ती में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर भाजपा नेताओं ने चुनाव से पहले वादे किए थे कि सत्ता में आते ही सीबीआई जांच कराएंगे और भर्ती रद्द करेंगे। लेकिन डेढ़ साल बाद भी केवल छोटे अधिकारी पकड़े गए, जबकि किसी चेयरमैन से पूछताछ नहीं हुई। क्या आप जाति देखकर पूछताछ करते हैं?

**प्रधानमंत्री की बीकानेर रैली पर तंज :** बेनीवाल ने पीएम मोदी की बीकानेर रैली पर भी निशाना साधा।



उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी, सरकारी गाड़ियां और कर्मचारी लगाए, फिर भी रैली में पंडाल नहीं भर पाया। उन्होंने दावा किया कि युवाओं में अब मोदी के प्रति मोहभंग हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री के चयन को लेकर भी कटाक्ष किया और कहा कि पर्ची से मुख्यमंत्री चुना गया है। यह राजस्थान का अपमान है।

**भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच की मांग:** बेनीवाल ने सरकार से एसआई भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई है और सरकार को लिखित रूप से आश्वस्त करना चाहिए कि परीक्षा प्रक्रिया रद्द की जाएगी और पूरे मामले की सीबीआई जांच कराई जाएगी।

### आरपीएससी भंग करने और भर्ती कैलेंडर जारी करने की मांग

सांसद ने कहा कि सरकार को चाहिए कि आरपीएससी को भंग कर पुनर्गठन करे, रिक्त पदों की सूची और भर्ती का कैलेंडर जारी करे। उन्होंने कहा, आरपीएससी को भंग करने के लिए मुख्यमंत्री को सिर्फ राज्यपाल को चिट्ठी लिखनी है।

### सरकार को चेतावनी, आंदोलन होगा तेज

बेनीवाल ने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगें नहीं मानती, तो यह आंदोलन जयपुर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हर जिले में पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वे किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि देश के युवाओं और मां-बाप की पीड़ा को लेकर यह लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने एसओजी पर भी जातिवादी रवैये से काम करने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस और भाजपा मिलकर प्रदेश को लूट रही हैं।

## नक्सली विलेन को हीरो नहीं बनने देना, बसवराजू का शव भी परिवार को नहीं मिलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिंदगीभर जंगलों में छिपते हुए मारकाट मचाने वाले नक्सली नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू का अंतिम संस्कार भी गुपचुप ही होगा। 22 मई को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में हुए एनकाउंटर में ढेर किए गए बसवराजू के शव को पुलिस परिवार के हवाले नहीं करना चाहती है। आतंकवादियों की तरह उसका अंतिम संस्कार करने की तैयारी है। दरअसल पुलिस नहीं चाहती है कि नक्सली विलेन को हीरो बनाने का कोई मौका उसके समर्थकों को मिले। एक रिपोर्ट के मुताबिक बसवराजू की एक सौतेली मां और भाई आंध्र प्रदेश के श्रीक्कुलम जिले में रहते हैं। उसके भाइयों और कुछ रिश्तेदारों ने शव पाने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस से संपर्क किया है।

पुलिस दावों की जांच कर रही है और अंतिम फैसला लेने से पहले हर पहलू पर विचार किया जा रहा है। रिपोर्ट में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मिले संकेत के आधार पर बताया गया है कि पुलिस बसवराजू का अंतिम संस्कार उसी तरह कर सकती है जिस तरह 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के मारे जाने के बाद किया जाता है। वहां किसी स्थानीय आतंकवादी के एनकाउंटर के बाद शव को परिवार के हवाले नहीं किया जाता है और पुलिस अज्ञात स्थान पर दफनाती है। परिवार के कुछ सदस्यों को ही इसमें शामिल होने की इजाजत होती है।

# एक बंदर पकड़ने पर खर्च होंगे 1650 रुपये, स्पेशल एजेंसी करेगी प्रयागराज नगर निगम की मदद

**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज नगर निगम शहरी सीमा में बंदरों को पकड़ेगा। पहले बंदरों को पकड़ने का काम वन विभाग करता था। अब नगर निगम बंदरों को पकड़ने के लिए एक एजेंसी की तैनाती करेगा। खास बात यह है कि नगर निगम एजेंसी को एक बंदर पकड़ने के लिए 1650 रुपये भुगतान करेगा। बंदर को पकड़ने की राशि और बढ़ सकती है। नगर निगम बंदरों को पकड़ने के लिए विशेषज्ञ एजेंसी की मदद लेगा। बंदरों को पकड़ने वाली एजेंसी की तैनाती के लिए नगर निगम के पशुधन विभाग ने पहली बार टेंडर निकाला है। टेंडर में नगर निगम की ओर से एक बंदर पकड़ने का आधार भुगतान 1650 रुपये रखा गया है। एजेंसी की मांग पर यह राशि बढ़ाई भी जा सकती है। इससे पहले नगर निगम एक बंदर पकड़ने के लिए 1450 रुपये भुगतान करता था।



बंदरों को पकड़ने के लिए निकाली गई निविदा पर नगर निगम के पशुधन अधिकारी डॉ. विजय अमृतराज ने बताया कि बंदर वन्य जीव है। अभीतक वन विभाग ही बंदरों को पकड़ता था। संसाधन की कमी के चलते वन विभाग शहरी क्षेत्र में बंदरों को पकड़ने में सफल नहीं हो पा रहा था। जबकि शिकायतें नियमित प्राप्त होती हैं। लोगों की बढ़ती शिकायतों को ध्यान में रखकर नगर निगम ने बंदरों को पकड़ने का निर्णय लिया। सदन ने संकल्प पारित किया। वन विभाग ने भी प्रदेश में सभी नगर निकायों को बंदर पकड़ने की अनुमति दे दी है। 1650 रुपये भुगतान के सवाल पर पशुधन अधिकारी ने बताया कि बंदरों को एक्सपर्ट ही पकड़ सकते हैं। उनके पास बंदरों को पकड़ने के लिए खास उपकरण होते हैं। वन विभाग भी एक्सपर्ट की मदद से बंदरों को पकड़ता था। एजेंसी तय होने के बाद नगर निगम शहरी क्षेत्र में बंदरों को पकड़ना शुरू कर देगा।

### इन मोहल्लों में बंदरों का आतंक

दारागंज, गोविंदपुर, जोंधवल, मेंहदौरी, कर्नलगंज, टैगोरटाउन, प्रयाग स्टेशन, प्रयागराज संगम स्टेशन, फाफामऊ स्टेशन, झूसी, अरैल आदि।

## सोना व्यापार योजना का लालच देकर बुजुर्ग से 1.4 करोड़ की ठगी, दो लोगों पर मामला दर्ज

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में सोना व्यापार योजना का लालच देकर दो लोगों ने एक बुजुर्ग से कथित तौर पर 1.4 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। वागले एस्टेट प्रभाग के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) (धोखाधड़ी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईअी) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि कथित धोखाधड़ी 11 अप्रैल से 19 मई के बीच हुई। अधिकारी के अनुसार, 62 वर्षीय शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसे सोने के खनन और व्यापार योजना में निवेश करने के लिए फुसलाया और खनन से एक निश्चित मासिक आय तथा सोने के व्यापार से 15 प्रतिशत रिटर्न का वादा किया।



# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में उरुग्वे को 3-2 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना के रोसारियो में खेले जा रहे फ्रेंडली फोर नेशंस टूर्नामेंट में अपने दूसरे मुकाबले में उरुग्वे को 3-2 से हरा दिया। भारत की ओर से सोनम ने 21वें मिनट में गोल किया, जबकि कनिका सिवाच ने 46वें और 50वें मिनट में दो अहम गोल दागे। उरुग्वे के लिए मिलाग्रोस सीगल ने 3वें मिनट में और अगस्टिना मारी ने 24वें मिनट में गोल किए।

मैच की शुरुआत में ही उरुग्वे ने बढ़त बना ली थी, जब मिलग्रोस सीगल ने तीसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर अपनी टीम को आगे कर दिया। इसके बाद भारत की सोनम ने 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी का गोल कर दिया। लेकिन तीन मिनट बाद ही उरुग्वे की अगस्टिना मारी ने फिर से पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे कर दिया। तीसरे क्वार्टर के अंत तक खेल बराबरी पर रहा, लेकिन कनिका सिवाच ने अंतिम चरण में दो गोल करके भारत को विजयी बनाने में मदद की। अंतिम क्वार्टर में कनिका सिवाच ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल किया और 50वें मिनट में एक शानदार फील्ड गोल दागकर भारत को जीत दिला दी। इससे पहले, भारतीय टीम ने रोसारियो में चिली पर 2-1 की जीत के साथ अपने दौरे की शानदार शुरुआत की। उस मैच में भारत की तरफ से सुखवीर कौर ने 39वें मिनट में और कनिका सिवाच ने 58वें मिनट में गोल किए थे।

चिली के लिए एकमात्र गोल जावेरीया साएंज ने 20वें मिनट में गोल किया था। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को (आईएसटी के अनुसार) मेजबान अर्जेंटीना से होगा।

आईपीएल 2025:

# 37 गेंद में तूफानी शतक जड़ क्लासेन ने रचा इतिहास

## हैदराबाद के नाम भी खास रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में रविवार को कोलकाता और हैदराबाद के बीच खेले गए मैच में हैदराबाद ने कोलकाता को 110 रनों के बड़े अंतर से हराया.

ये दोनों ही टीमों का इस सीजन का आखिरी मैच था. इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक बल्लेबाज़ हेनरिक क्लासेन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में इतिहास रच दिया है. उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दिल्ली में खेले गए मैच में महज 37 गेंदों में शतक जड़कर आईपीएल इतिहास के तीसरे सबसे तेज़ शतक का रिकॉर्ड अपने नाम किया.

### क्लासेन ने बनाया ये रिकॉर्ड

क्लासेन का यह शतक आईपीएल इतिहास का अब तक का संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज़ शतक है, और दूसरा सबसे तेज़ शतक किसी विदेशी खिलाड़ी द्वारा. इस सूची में उनसे सिर्फ क्रिस गेल हैं, जिन्होंने 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 30 गेंदों में शतक जड़ा था.

### अब तक के सबसे तेज़ आईपीएल शतक (गेंदों के आधार पर)

30 गेंद - क्रिस गेल- बेंगलुरु, 2013
35 गेंद - वैभव सूर्यवंशी जयपुर, 2025
37 गेंद - यूसुफ पठान- मुंबई, 2010
37 गेंद - हेनरिक क्लासेन- दिल्ली, 2025
38 गेंद - डेविड मिलर-मोहाली, 2013

क्लासेन की इस तूफानी पारी के दम पर एसआरएच ने 278 रन बनाए. जो आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा टीम स्कोर है. आईपीएल के अब तक के शीर्ष पांच स्कोरों में से चार स्कोर एसआरएच के नाम हैं.



# हर्ष दुबे चालाक गेंदबाज, उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं : डेनियल विटोरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ की रेस से बाहर सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने अपने अंतिम लीग मैच में जीत हासिल कर टूर्नामेंट के सफर का शानदार अंत किया। इस मैच में ऑलराउंडर हर्ष दुबे के प्रदर्शन से मुख्य कोच डेनियल विटोरी काफी प्रभावित हुए। न्यूजीलैंड के इस पूर्व दिग्गज क्रिकेटर ने युवा खिलाड़ी को बहुत ही चालाक गेंदबाज बताया। अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स पर हैदराबाद ने 110 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। जिसमें दुबे ने अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को आउट किया और अपने चार ओवरों में उन्होंने 34 रन देकर तीन विकेट लिए। पूर्व में दुबे ने अपने पहले दो आईपीएल मैचों में मिशेल मार्श और विराट कोहली को आउट किया था, जिसके बाद यह दमदार स्पेल आया। 2025 दुबे के लिए एक शानदार साल रहा है, खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी के एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड तोड़ा, जब उन्होंने विदर्भ की 2024/25 चैंपियनशिप जीतने की दौड़ में 69 विकेट चटकाए, और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। दुबे को 30 मई से शुरू होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया 'ए' टीम में शामिल किया गया है। डेनियल विटोरी ने मैच के बाद दुबे की तारीफ में कहा कि मुझे लगता है कि टीम में आने के बाद से उन्होंने जो कुछ किया है, उससे हम बहुत खुश हैं।

वह स्पष्ट रूप से एक बहुत ही चालाक गेंदबाज है और परिस्थितियों को अच्छी तरह समझता है। वह समझता है कि उसे कैसे गेंदबाजी करनी है और कैसे विकेट निकालनी है। उसने आईपीएल के मैचों में अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। विटोरी ने कहा, उसके लिए सबसे अच्छी बात यह है कि अब से लेकर अगले आईपीएल तक वह बहुत क्रिकेट खेलेगा।

# चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई, बड़ी पुरस्कार राशि की भी घोषणा



**चेन्नई, एजेंसी।** आयोजकों ने एक प्रेस रिलीज में बताया कि छह से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में अब प्रत्येक वर्ग में 10 खिलाड़ी भाग लेंगे। चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे सत्र में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाकर 20 करने के साथ इसकी अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये करने की घोषणा की गई है। आयोजकों ने एक प्रेस रिलीज में बताया कि छह से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में अब प्रत्येक वर्ग में 10 खिलाड़ी भाग लेंगे, जबकि पिछले सत्र में आठ खिलाड़ी भाग लेते थे।

एमजीडी1 द्वारा आयोजित और तमिलनाडु सरकार तथा तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण द्वारा समर्थित इस टूर्नामेंट को सिंगापुर स्थित 'फिनटेक' कंपनी 'क्वांटबॉक्स रिसर्च' के साथ करार के बाद 'क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स' कर दिया गया है। पिछले सत्र में अरविंद चिदंबरम मास्टर्स वर्ग में अर्जुन एरिगैसी और विदित गुजराती जैसे खिलाड़ियों को पछाड़कर चैंपियन बने थे। प्रणव वी. ने चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता था। इस जीत से उन्हें इस साल मास्टर्स वर्ग में चुनौती पेश करने का मौका मिलेगा।

# लाहौर कलंदर्स ने चार साल में तीसरी बार जीता पीएसएल का खिताब

**लाहौर, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा ने टॉस से महज 10 मिनट पहले इंग्लैंड से यहां पहुंचकर लाहौर कलंदर्स को चार साल में पाकिस्तान सुपर लीग का तीसरा खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। खिताब जीतने पर कलंदर्स को पुरस्कार के रूप में 500,000 डॉलर भी मिले जो करीब 4.24 करोड़ रुपए बनते हैं। वहीं उपविजेता टीम ग्लेडिएटर्स को 200,000 डॉलर मिले, जो लगभग 1.69 करोड़ रुपए बनते हैं।



अगर इस राशि को अगर आईपीएल की इमानी राशि से जोड़कर देखा जाए तो यह काफी कम हैं क्योंकि आईपीएल का खिताब जीतने वाली टीम को 20 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं पीएसएल की खिताबी राशि से कहीं अधिक राशि आईपीएल नीलामी में खिलाड़ियों पर खर्च की जाती है। इसमें ऋषभ पंत एक उदाहरण हैं जो इस बार 27 करोड़ में बिके थे।

लाहौर ने रविवार को रोमांचक फाइनल में बड़े स्कोर का सफलता से पीछा करते हुए क्वेटा ग्लैडिएटर्स को एक गेंद शेष रहते छह विकेट से हराया।

रजा ने नॉटिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था जिसे जिम्बाब्वे शनिवार को पारी से हार गया था। उन्होंने रविवार को सात गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाए जबकि कुसल परेरा ने 31 गेंदों में नाबाद 62 रनों की पारी खेली जिससे लाहौर ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की। क्वेटा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद 9 विकेट पर 201 रन बनाए थे।

क्वेटा के अबूझ स्पिनरों की जोड़ी अबरार अहमद (27 रन पर एक विकेट) और उस्मान तारिक (38 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में लाहौर पर शिकंजा कस दिया था। जब रजा मैदान पर आए तो घरेलू टीम को अंतिम 20 गेंदों पर 57 रन की जरूरत थी। लाहौर पहुंचने के लिए कई उड़ान लेने वाले रजा पर थकान का कोई लक्षण नहीं दिखा।

उन्होंने तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की पहली दो गेंदों पर चौका और छक्का जड़ा। फहीम अशरफ की अंतिम तीन गेंदों पर टीम को जीत के लिए आठ रन चाहिए थे। रजा ने इस तेज गेंदबाज के खिलाफ छक्का और फिर फिर मिड-ऑन पर चौका जड़कर लाहौर को यादगार जीत दिला दी। इससे पहले पाकिस्तान के उभरते हुए स्टार टी20 बल्लेबाज हसन नवाज ने 43 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली। अशरफ (28) ने सलमान मिर्जा के आखिरी ओवर में 23 रन बटोरे जिससे क्वेटा 200 रन के पार पहुंच गया।

# वैभव सूर्यवंशी बाल-बाल बचे

## कटने वाला था नाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाल-बाल बच गए वैभव सूर्यवंशी. नहीं तो कट जाता नाम. आप सोच रहे होंगे कि हम ऐसा क्यों कह रहे हैं? क्या बेंगलुरु में इंडिया अंडर 19 स्क्वॉड के कैंप में मौजूद वैभव सूर्यवंशी के साथ कुछ ऐसा-वैसा हुआ है. तो जी नहीं, ऐसा बिल्कुल भी नहीं है.

वैभव सूर्यवंशी बेंगलुरु में अच्छे से अंडर-19 टीम का कैंप कर रहे हैं. रही बात उनके नाम कटने से बाल-बाल बचने की तो इसके तार आईपीएल इतिहास के सबसे तेज शतकों की लिस्ट से जुड़ा है. दरअसल, आईपीएल इतिहास के सबसे तेज शतकों की लिस्ट में अपडेट हुआ है. अब वहां पर युसूफ पठान के साथ तीसरे नंबर पर हेनरिक क्लासन का भी नाम दर्ज हो गया है. सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज क्लासन ने केकेआर के खिलाफ 25 मई को खेले मुकाबले में तूफान मचाते हुए सिर्फ 37 गेंदों पर शतक जमाया.

### 269.23 की स्ट्राइक रेट से क्लासन ने मारे रन

केकेआर के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा ने 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए. ट्रेविस हेड ने 190 की स्ट्राइक से विस्फोटक बैटिंग की.

लेकिन, जब नंबर 3 पर हेनरिक क्लासन उतरे तो उन्होंने 269.23 की स्ट्राइक रेट से नाबाद शतक जमाया. उन्होंने 64 मिनट बल्लेबाजी की और 39 गेंदों में नाबाद 105 रन बनाए, जिसमें 9 छक्के, 7 चौके शामिल रहे.

आईपीएल में वैभव सूर्यवंशी ने अपने तूफानी शतक की स्क्रिप्ट 35 गेंदों पर लिखी थी. जब उन्होंने ऐसा किया था तब उन्होंने यूसुफ पठान का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा था. और क्रिस गेल का 30 गेंदों वाला रिकॉर्ड तोड़ने से चूके थे. अब जब हेनरिक क्लासन ने 37 गेंदों पर शतक जमाया है तो उससे वैभव सूर्यवंशी का रिकॉर्ड बाल-बाल बचा है. दोनों के बीच बस 2 गेंदों का फासला रहा है. हालांकि, हेनरिक क्लासन ने यूसुफ पठान के 37 गेंदों की बराबरी जरूर कर ली.

# फुटबॉल: वेनेजिया पर रोमांचक जीत से युवेंतस ने चैंपियंस लीग का टिकट कटाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम ने सीरी ए के अंतिम दौर के अपने मैच को जीतकर तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। युवेंतस रोमा से एक अंक आगे रहा। मैनुअल लोकाटेली के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से युवेंतस ने इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रेलीगेट (निचली लीग में खिसकना) हो चुकी वेनेजिया पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई किया। मौजूदा सत्र में युवेंतस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और इस साल मार्च में जब इगोर ट्यूडर को टीम की जिम्मेदारी (कोच) दी गई तो उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि टीम चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई कर सके। उन्होंने मुश्किल से ही सही, लेकिन अपना लक्ष्य पूरा किया। टीम ने सीरी ए के अंतिम दौर के अपने मैच को जीतकर तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। युवेंतस रोमा से एक अंक आगे रहा। रोमा ने टोरिनो में 2-0 से जीत हासिल करके यूरोपा लीग में जगह बनाई। पहले ही रेलीगेट हो चुकी वेनेजिया ने दूसरे मिनट में डेनियल फिला के गोल से युवेंतस को सकते में डाल दिया। केनान यिल्डिज और रैंडल कोलो मुआनी के छह मिनट के अंदर किये गए गोल से युवेंतस ने मैच के 31वें मिनट में बढ़त कायम कर ली। हाफ टाइम के बाद रीडगेसियानो हैप्स ने वेनेजिया के लिए बराबरी का गोल किया।

# वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को DLS से 197 रनों से हराया



- कार्टी का लगातार दूसरा शतक, वेस्टइंडीज ने बनाए 385 रन; वनडे सीरीज 1-1 से बराबर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केसी कार्टी के करियर के सर्वश्रेष्ठ 170 रनों और शाई होप तथा जस्टिन ग्रीव्स के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय मैच में आयरलैंड को डकवर्थ पद्धति से 197 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। बारिश की वजह से बाधित इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 385 रन बनाए। बारिश के कारण आयरलैंड का लक्ष्य 46 ओवरों में 363 रन कर दिया गया था।

आयरलैंड की पूरी टीम 29.5 ओवर में 165 रन पर ऑलआउट हो गई। आयरलैंड ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज के केसी कार्टी ने लगातार दूसरे मैच में शतक जड़ा, जबकि होप और ग्रीव्स ने अर्धशतकीय पारी खेली।

आईपीएल 2025:

# संन्यास का मन बना चुके हैं धोनी?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अच्छा नहीं रहा, लेकिन महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली टीम ने गुजरात टाइटंसको हराकर सफर का अंत किया। मैच के बाद महेंद्र सिंह धोनी से सवाल हुआ कि क्या वह अगले साल भी खेलते दिखेंगे? इस बार धोनी ने साफ-साफ नहीं कहा कि वह रिटायर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अभी रिटायर नहीं हो रहे हैं, लेकिन यह भी साफ नहीं किया कि अगले साल वह दिखेंगे। धोनी ने गुजरात के खिलाफ मैच के बाद कहा, ÷यह अच्छा है। मैं यह नहीं कहूंगा कि आज हाउसफुल था, लेकिन अच्छी भीड़ थी। यह एक बहुत बड़ा स्टेडियम है। हमारा सीजन अच्छा नहीं रहा,लेकिन जीत के साथ खत्म करना अच्छा था। गेंदबाजी विभाग और बल्लेबाजी विभाग में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन में से एक था। हमने कैच लेने में अच्छे नहीं रहे, लेकिन यह एक ऐसा मैच था जिसमें हमारी फील्डिंग और कैचिंग अच्छी थी। अगले साल खेलने के सवाल पर धोनी ने कहा, मेरे पास निर्णय लेने के लिए 4-5 महीने हैं, यह तय करने की कोई जल्दी नहीं है कि क्या करने की जरूरत है। हर साल शरीर को फिट रखने के लिए अधिक प्रयास करना पड़ता है। आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है, यह शीर्ष स्तर का क्रिकेट है। यह पेशेवर क्रिकेट है।

### हमेशा प्रदर्शन मायने नहीं रखता

धोनी ने आगे कहा, हमेशा प्रदर्शन मायने नहीं रखता। यदि क्रिकेटर अपने प्रदर्शन के कारण संन्यास लेना शुरू कर दे तो उनमें से कुछ 22 साल की उम्र में संन्यास ले लेंगे। यह देखना महत्वपूर्ण है कि आपमें कितनी भूख है और आप कितने फिट हैं। आप टीम के लिए कितना योगदान दे सकते हैं। टीम को जरूरत है या नहीं।

### सोचूंगा और फिर फैसला लूंगा

मेरे पास पर्याप्त समय है। रांची वापस जाऊंगा, काफी समय से घर नहीं गया हूं, इसलिए कुछ बाइक राइड का आनंद लूंगा और फिर निर्णय लूंगा। मैं यह नहीं कह रहा कि मैं जा रहा हूं, न ही मैं यह कह रहा हूं कि मैं वापस आऊंगा। मेरे पास समय है। इस बारे में सोचूंगा और फिर फैसला लूंगा।

# खजुराहो सांसद बीडी शर्मा एवं प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार के नाम भेजा ज्ञापन



**पन्ना।** मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला प्रवक्ता एमपी पांडे ने पन्ना के विभिन्न मुद्दो को लेकर सांसद तथा प्रभारी मंत्री को ग्यारहसूत्रीय ज्ञापन सोपा तथा अनुरोध किया है कि समग्र विकास से अपेक्षा का शिकार जिला पन्ना चारों तरफ जो लंबे अरसे से समग्र विकास की राह देखते देखते आम जनमानस थकान महसूस कर रहे है, ऐसे पन्ना जिले की प्रथक-प्रथक जो तहसील मुख्यालयों अंतर्गत समग्र विकास की रूपरेखा तैयार कराई जाए अमानगंज में विकासखंड मुख्यालय बनाया जाए पन्ना नगर की सभी सड़कों का निर्माण किया जाए प्रत्येक चौराहे का सौंदर्य करण किया जाए निर्मित कराए जाने के साथ ही हर चौराहे रोजगार के साधन उपलब्ध कराने की दिशा में विधिवत पहल करें सिर्फ पूरी बयान बाजी करके आम जनता को भ्रमित ना करे प्रत्येक तहसील मुख्यालय में 11-11 ग्राम सांसद आदर्श पंचायत का गठन तत्काल संधारित कराए जाने के साथ ही जीवन को राहत देवें। इसी सिलसिले में अमानगंज तहसील मुख्यालय में ग्राम गाडोखर, कमताना, पगरा, मकरंदगंज, घटारी, पिपरवाह, सलेहा तारा, झरकुंआ आदि ग्रामों में सर्वेक्षण कराकर पटवारी मुख्यालय भवन स्वास्थ्य भवन बनाए जाएं । उत्साही चिकित्सक डॉक्टर पांडे ने गुनौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक

डॉ राजेश वर्मा को अगले मंत्रिमंडल विस्तार में मंत्रिमंडल में शामिल करने का अनुरोध आज का प्रदेश अध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री से किया है उन्होंने आगे कहा की बीते लंबे अरसे से मध्य प्रदेश के अंतर्गत विभिन्न विभागों में भारी संख्या में पद रिक्त हैं तथा लगातार सेवा रत कर्मचारी सेवानिवृत हो रहे हैं उनके पद तत्काल भरे जाएं क्योंकि भारी संख्या में युवा बेरोजगार लोगों की संख्या बढ़ रही है अत: रिक्त पदों को भरा जाए ।

डॉक्टर पांडे ने उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व में हमारे द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय को भी पत्र लिखा गया था जिसमें प्रधानमंत्री जी के सचिव द्वारा मुख्य सचिव कार्यालय मध्य प्रदेश को भी पत्र भेजा है।

## वन्य जीवों के रहस्यमई मौतों को संज्ञान में लेते हुए सांसद बीडी शर्मा ने दिए जांच के निर्देश

**पन्ना।** खजुराहो क्षेत्र केसांसद एव प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने पन्ना टाइगर रिजर्व में लगातार वन्य जीवों की हो रही मौतों पर अफसोस जताया है जिला कलेक्टर एवं टाइगर रिजर्व अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं समाचारपत्र के माध्यम से पढ़ कर ,सांसद श्री शर्मा ने तुरंत ही पार्क प्रबंधन एवं स्थानीय कलेक्टर से फोन पर निर्देश देते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। विदित है कि पन्ना टाइगर रिजर्व में एक पखवाड़े के अंदर दो तेंदुआ और एक भालू की मौत से वन्य जीव प्रेमी चिंतित हैं सांसद शर्मा ने उक्त विषय को तत्परता से संज्ञान लेते हुए जांच की बात कही तथा दोषियों को खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के के संबंध में कहा है।

# नगर के नजरबाग स्टेडियम में चल रहे ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण में खिलाड़ियों को दी गई साइबर क्राइम की जानकारी



**पन्ना।** पन्ना नगर के छत्रसाल नज़र बाग स्टेडियम में विगत 9 मई से ग्रीष्मकालीन खेल चल रहे हैं युक्त खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित हो रहे हैं जिसमें विभिन्न खेलों के लगभग तीन सैकड़ा से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं उक्त खेल प्रतिदिन सुबह 6ः00 बजे से 8ः00 बजे तक चलते हैं जिसमें बैडमिंटन खो खो फुटबॉल एथलेटिक्स कबड्डी मलखंभ आदि खेल युवा कल्याण अधिकारी एसपी सिंह बघेल द्वारा लगातार बेहतर ढंग से खेलों का संचालन कराया जा रहा है खेलों के साथ-साथ खिलाड़ियों को अन्य प्रकार की व्यावहारिक एवं बौद्धिक जानकारियां भी दी जा रहीं हैं जिसमें अलग-अलग दिन अलग-अलग विषय का ज्ञान रखने वाले लोग खिलाड़ी बच्चों को अवगत कराते हैं इसी कड़ी में दिनांक 25 मई को साइबर अपराध से जुड़ी हुई जानकारियां साइबर टीम के सदस्य आशीष अवस्थी एवं एसडीओपी एसपी सिंह बघेल द्वारा दी गई उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध हो रहे हैं इसलिए हम सभी को बहुत संभाल कर काम करना है साइबर ठगो द्वारा लोगों के साथ अनेक प्रकार से धोखाधड़ी की जाती है उससे बचने के लिए उन्होंने अनेक प्रकार की जानकारियां बच्चों के साथ साझा की इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह परमार ध्रुव प्रताप सिंह अमर बहादुर सिंह खेल प्रशिक्षक प्रकाश सिंह राहुल गुर्जर पहलवान सिंह लॉरेंस ईट्स मुस्तकीम आदि उपस्थित रहे सभी बच्चों को स्वल्पाहार हार का बेहतर प्रबंधन किया गया था।

# पवित्र नगरी में गली-गली बिक रही अवैध शराब, शराब माफिया के हौसले बुलंद



**पन्ना।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के 26 पवित्र नगरों में शराबबंदी की गई थी तथा किसी भी प्रकार से नई शराब दुकान नहीं खोलने का वादा किया गया था लेकिन शराब माफिया तथा अधिकारियों एवं नेताओं की मिली भगत से पवित्र नगरों के आसपास स्टेट राजमार्ग तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर शराब दुकान खोल दी गई है जिसका असर यह है कि उक्त दुकानों से प्रतिबंधित क्षेत्र में सरे आम धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री हो रही है पन्ना नगर को भी पवित्र नगर घोषित किया गया था तथा नगर के अंदर की शराब दुकान बंद कर दी गई थी लेकिन नगर के आसपास जनकपुर मनोर तथा दो अन्य स्थानों पर शराब की दुकान खोल दी गई उक्त दुकानों से सरेआम ठेकेदार के लोग पन्ना नगर में शराब की सप्लाई कर रहे हैं तथा गली चौराहों में सरेआम लोग मोटरसाइकिलों की डिग्गी तथा जेबों मैं शराब की बोतल डालकर बेचते हुए देखे जा रहे हैं नगर से लगे माझा इंद्रपुरी कॉलोनी रानीगंज मोहल्ला कोतवाली चौराहा बस स्टैंड गांधी चौक पुराना पावर हाउस चौराहा जैन मंदिर के बगल में धाम मोहल्ला अनेक स्थान पर शराब बेचने के अड्डे बने हुए हैं अभी कुछ दिन पूर्व कोतवाली पुलिस द्वारा शराब से भरी पिकअप गाड़ी पकड़ी थी जिसमें भारी मात्रा में शराब भरी हुईथी लेकिन शराब बेचने वाले गाड़ी छोड़कर भाग गए थे पुलिस तथा आबकारी विभाग द्वारा समय-समय पर कार्यवाही भी की जा रही है लेकिन व्यापक स्तर पर चल रहे शराब के अवैध कारोबार को रोक पाना संभव नहीं लग रहा है।

## जमीन पर अवैध कब्जा धारी द्वारा की जा रही बिक्री

**पन्ना।** जिले की देवेंद्र नगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत राजपुर में सीलिंग की सैकड़ो एकड़ जमीन थी जो अलग-अलग खातों में आंतरिक की गई थी लेकिन उक्त जमीन पर अजयगढ़ निवासी अजय राज सिंह ने तत्कालीन राजस्व मंडल के अध्यक्ष एम के सिंह से मिलकर फर्जी रूप से अपने ऐसे लोगों के नाम जमीन दर्ज कर दी थी जिसको लेकर तत्कालीन कमिश्नर श्री नायडू ने ग्रामीणों के पक्ष में फैसला देते हुए कलेक्टर को आदेशित किया था की इस मामले की अपील माननीय उच्च न्यायालय में की जाए लेकिन लगभग 20 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज दिनांक तक जिला प्रशासन द्वारा उक्त मामले की अपील माननीय उच्च न्यायालय में नहीं की है तथा यह मामला आज भी लंबित है जिसका फायदा अजय राज सिंह उठा रहे हैं राजापुर के सरपंच बेटू लाल चौधरी ने क्षेत्रीय ग्राम वासियों की समस्या को लेकर फिर से की एसडीएम पन्ना को पत्र सौंपते हुए संबंधित द्वारा बेची जा रही जमीन पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा मामले की अपील माननीय उच्च न्यायालय में जनहित को लेकर की जाए।

# अपहृत बालिका को सकुशल वापस पाकर परिजनो के चेहरे पर लौटी मुस्कान, पुलिस टीम को दिया धन्यवाद




**पन्ना।** बृजपुर थाना क्षेत्रांतर्गत दिनांक 06.04.25 को एक नाबालिग बालिका के अपहरण की सूचना प्राप्त होते ही पन्ना पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना बृजपुर मे अपहरण का अपराध क्रमांक 73/25 कायम कर त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की गई। अपहृत बालिका की सकुशल दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया, जिस पर अपहृता की दस्तयाबी मे थाना बृजपुर पुलिस टीम एवं साइबर सेल पन्ना की संयुक्त कार्यवाही सराहनीय रही।

उक्त प्रकरण मे थाना प्रभारी बृजपुर के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार ढ़अपहृत की दस्तयाबी हेतु सतत प्रयास किए गए साथ हि आस-पास के जिलो मे अपहृत नाबालिग बालिका के सम्बंध मे जानकारी प्रसारित की गई एवं संभावित स्थानो मे जाकर अपहृता के बारे तलाश-पतारसी की गई। जिसके परिणामस्वरूप प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर दिनांक 24.05.25 को पुलिस टीम ग्राम केमहरा थाना मानपुर जिला सीतापुर उत्तर प्रदेश पहंची जहां अपहृत बालिका को सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की।

बालिका को दस्तयाब कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया। बालिका की सकुशल वापसी पर परिजनों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने बालिका के परिजनों ने पन्ना पुलिस के अथक प्रयासों, संवेदनशीलता एवं तत्पर कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया है।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी बृजपुर उनि. महेन्द्र भदौरिया, सउनि कमल सिंह चन्देल,आर. दीपक सौनकिया, महिला आर. सीमा यादव एवं सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

# कपिल गुप्ता, पुनीत सेन, राजू आदिवासी, अजय सेन,मुकेश वैरागी ने रक्तदान कर चार लोगों को दिया नया जीवनदान

## समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी के प्रयासों से समय पर मिला मरीजो को खून



**पन्ना।** जिला अस्पताल में भर्ती मरीज चांदनी सेन पति पुनीत सेन निवासी पन्ना चौकी अजयगढ़, किरण आदिवासी पति राजू आदिवासी निवासी दहलान चौकी पन्ना , कापसी बाई पति बुद्ध सिंह यादव उम्र 21 वर्ष निवासी ककरहती तीनों मरीज गर्भवती महिलाएं थीं। जिनको खून की जरूरत थी। खून की तलाश में परिवारजन भटक रहे थे। तभी उनके परिजनों द्वारा दूरभाष के माध्यम से जानकारी समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी को दी गई।

श्री गोस्वामी जिला अस्पताल पहुंचे और उन्होंने गर्भवती महिला चांदनी के पति पुनीत सेन को रक्तदान के संबंध में समझाइस दी जिन्होंने आज पहली बार स्वेच्छा से खून दान किया है। इसी तरह किरण आदिवासी के पति राजू आदिवासी को समझाइस दी गई ।जिसके बाद राजू आदिवासी द्वारा पहली बार स्वेच्छा से खूनदान किया गया है । कापसी बाई यादव पति बुद्धिंह यादव निवासी ककरहती जिनके दो जुड़वा बेटियां हुई थी। जिनको खून की कमी बताई गई थी । जिनका खून बी नेगेटिव होने के कारण उनके घर परिवार में किसी भी सदस्य का खून मिलान नहीं हो रहा था। ब्लड बैंक में खून उपलब्ध नहीं था। जिसको लेकर समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी द्वारा सोशल मीडिया पर संदेश प्रसारित किया गया साथ ही बी नेगेटिव ग्रुप के खून दाताओं से संपर्क किया गया। पन्ना शहर के अकाउंटेंट कपिल गुप्ता को जैसे ही जानकारी प्राप्त हुई वह बिना कोई बिलंब किये जिला अस्पताल पन्ना पहुंचे और उन्होंने आज 11वीं बार स्वेच्छा से खून दान करने का पुनीत कार्य किया है। अजय सेन द्वारा अपनी बहिन चांदनी सेन को पहली बार खून दान किया गया है । इसके साथ ही मुकेश बैरागी द्वारा कैंसर पीड़ित मरीज श्रीमती सुमन पाठक पति राम अवतार पाठक निवासी सुनवानी को आज तीसरी बार स्वेच्छा से खूनदान किया गया है। रक्तदान के पुनीत कार्य में राम बिहारी गोस्वामी लैब टेक्नीशियन रामनाथ ओमरे,दिलीप सिंह, विक्रम सिंह यादव राजीव मंडल का सराहनीय योगदान रहा।

## बेटे ने सीएम हेल्पलाइन पर की टीचर पिता की झूठी शिकायत

**सतना।** मध्यप्रदेश के मैहर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बेटे ने अपने ही टीचर पिता की सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर दी। शिकायत मिलने के बाद स्थानीय अधिकारियों को शिकायत निराकरण के लिए भेजा गया और जब अधिकारियों ने शिकायत देखी तो वो भी हैरान रह गए। इसके बाद जिस टीचर की शिकायत की गई थी उनसे बात की गई तो उन्हें बेटे की हरकत के बारे में पता चला और उन्होंने चौंका देने वाली बात बताई। मैहर जिले के अमरपाटन के रहने वाले अमित कुमार द्विवेदी नाम के युवक ने सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि गांव त्योंधरा के रूनवा विद्यालय में पदस्थ शिक्षक स्कूल में पढ़ाने के लिए नहीं आते हैं।

# अवैध रूप से संचालित मैरिज गार्डन पर कार्यवाही की मांग

पन्ना

पन्ना नगर में अवैध रूप से दो दर्जन से अधिक मैरिज गार्डन संचालित हो रहे हैं जिनके द्वारा शासन के राजस्व की जमकर चोरी की जा रही है तथा प्रतिदिन लाखों रुपए की कमाई कर रहे हैं इनके द्वारा जीएसटी टैक्स इनकम टैक्स आयकर टैक्स जमा नहीं किया जाता है अधिकांश मैरिज गार्डन में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है मैरिज गार्डन जाने वाले लोग आ सुरक्षित रूप से वाहनों को बाहर रखते हैं अनेकों बार नगर पालिका को अवगत कराया गया लेकिन नगर पालिका द्वारा अपना फील गुड़ करके कोई कार्यवाही नहीं की जाती है मैरिज गार्डनू में व्यापक स्तर पर गंदगी भी फैलाई जाती है तथा सड़ा गला खाना डालने से मवेशी कुत्ते एवं अन्य जीव बे मौत मरते हैं उक्त मामले को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश दीक्षित में कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में उदाहरण के तौर पर उल्लेख किया कि श्री जुगल किशोर जी मंदिर के पास स्थित लव कुश वाटिका मैरिज गार्डन 15 साल से अवैध रूप से सेवक लाल कुशवाहा द्वारा संचालित किया जा रहा है इनके द्वारा इनकम टैक्स जीएसटी टैक्स की चोरी की जा रहीं है तथा नगर पालिका टैक्स भी नहीं दे रहा है शासकीय तालाब की जमीन पर संचालित हो रहा है इनके द्वारा। दूसरी ओर अनुपयोगी सामग्री फेंकी जाती है जिसे खाकर मवेशी तथा कुत्ते तथा अन्य जीव जंतु बीमार होते हैं श्री दीक्षित ने कहा कि भाजपा आरएसएस से जुड़े सेवक लाल कुशवाहा राजेंद्र कुशवाहा द्वारा ममनमाने ढंग से मैरिज गार्डन संचालित किया जा रहा है उन पर तत्काल कार्यवाही की जाए।

## शिक्षकों के लंबित भुगतान को लेकर कर्मचारी कांग्रेस ने सहायक संचालक गुनौर को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** संकुल केंद्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुनौर में कर्मचारियों के अकादमिक एवं वित्तीय देयकों के भुगतान में संकुल प्राचार्य गुनौर व कार्यालयीन स्टाफ द्वारा कोई भी कार्य समय से नही किये जाते है और न ही नियमित रूप से कर्मचारियों का रिकॉर्ड संधारित किये जाते हैं।

12 वर्षीय एवं 24 वर्षीय क्रमोन्नति के आदेश दिसंबर 2024 में हो चुके हैं परन्तु गुनौर संकुल में अभी तक वेतनमान का लाभ कर्मचारियों को नही दिया गया है शिक्षकों को अपने लंबित भुगतान हेतु तीव्र गर्मी में कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे है जब तक बी ई ओ और संकुल कार्यालय में लंबे समय से जमे हुए कार्यालय कर्मचारियों को हटाया नही जाएगा तब ऐसी ही स्थिति निर्मित होती रहेगी गुनौर संकुल के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु कर्मचारी कांग्रेस संगठन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष पन्ना एस. पी.राय के निर्देशन में ब्लॉक अध्यक्ष गुनौर राकेश कुमार प्रजापति द्वारा सहायक संचालक विकासखंड गुनौर को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन ज्ञापन के दौरान अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से जयनारायण गौतम तहसील अध्यक्ष गुनौर कर्मचारी कांग्रेस, राजेंद्र प्रताप सिंह, जवाहर प्रताप सिंह, सौमित्र मिश्रा, शिव प्रसाद त्रिपाठी, जयकुमार, ओमकार पांडे चंद्रभान प्रजापति, रामचंद्र सोनी, सुनील कुमार पाठक, राकेश पटेल, सुशील कुमार तिवारी, जाहर सिंह, हितेश कुमार सोनी, सुनीता प्रजापति, नीरज रावत,पवन कुमार पांडे,संजय त्रिपाठी।

# सगाई के बीच अचानक आ गई दूल्हा की गर्लफेंड, पहुंचा जेल



**सतना।** साल 2023 में सतना जिले से अलग हुए मध्य प्रदेश के मैहर जिले से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब सगाई समारोह में दूल्हा और दुल्हन के परिवार वाले खुशी में जमकर नाच-गा रहे थे। साथ ही, दूल्हा अपनी होने वाली दुल्हनिया को अंगूठी पहनाकर सगाई की रस्म पूरी करने जा रहा था। इसी बीच जो हुआ उसने महफिल में शामिल हर किसी को चौंका कर रख दिया। दरअसल, दूल्हे द्वारा होने वाली दुल्हन को अंगूठी पहनाने से एन पहले आयोजन में दूल्हे की गर्लफ्रेंड पहुंच गई। उसने लड़की वालों से न सिर्फ प्रोग्राम रोकने की अपील की, बल्कि दूल्हे पर आठ साल शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। चुपचाप दूसरी युवती से सगाई रचाने जा रहे युवक की प्रेमिका आयोजन में पहुंच गई। यहां उसने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर 8 साल तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया। यानी बेवफा आशिक चुपचाप दूसरी युवती से शादी रचाने की तैयारी कर रहा था। जिसकी भनक लगते ही प्रेमिका थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आपोक बता दें कि, ये सनसनीखेज मामला जिला के ताला थाना इलाके का है। जहां पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, 8 साल पहले रवि नाम का युवक अपने दोस्त के साथ उसके नानी के घर गया था। जहां उसकी मुलाकात पीड़िता से हुई। धीरे-धीरे दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई। आरोप है कि, रवि युवती को मुकुंदपुर, आनंदगढ़ जैसे अलग-अलग जगह ले जाता और शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता। बीते हफ्ते युवती को पता चला कि, रवि चुपचाप से कहीं और शादी रचाने की तैयारी में है तो उसकी गर्लफ्रेंड सीधे आयोजन स्थल पहुंची, जहां उसकी ओर से लगाए आरोपों को सुनकर हर कोई दंग रह गया।

सगाई के दौरान युवती उसके घर धोबहट पहुंची, जहां उसने शादी का विरोध करते हुए युवक पर गंभीर आरोप लगाए। युवती के अनुसार, उसके द्वारा लगाए आरोपों को सुनकर उसके परिजन आग बबूला हो गए और युवती के साथ जमकर मारपीट भी की।

युवक के धोखे और उसके घर वालों से मारपीट का शिकार हुई पीड़िता अपनी पीड़ा लेकर थाने पहुंची, लेकिन यहां भी पुलिस ने सिर्फ आरोपी पक्ष के खिलाफ मारपीट का मामला ही दर्ज किया। बाद में वो न्याय की गुहार लेकर एसपी ऑफिस पहुंची और अपने ऊपर गुजरी आपबीती सुनाई। इसके बाद मैहर एसपी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला भी दर्ज कराया। इसके बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पहुंचा दिया गया है।

## 6 बार के सांसद रह चुके बाहुबली बृज भूषण शरण सिंह आएंगे सतना



**सतना।** यूपी के बाहुबली और कैसरगंज लोकसभा सीट से 6 बार के सांसद रह चुके बृजभूषण शरण सिंह मध्यप्रदेश के सतना जिले आ रहे हैं। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर रॉयल राजपूत संगठन द्वारा विशाल भव्य शौर्य यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लाखों की संख्या में क्षत्रियों के जुटने का दावा किया जा रहा है।

बाहुबली बृज भूषण शरण सिंह 29 मई को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर सतना आ रहे हैं। रैली मैत्री पार्क से शुरु होकर पूरे नगर से होकर टाउन हॉल सेमरिया चौक में खत्म होगी। यहां पर मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। रॉयल राजपूत संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सत्येंद्र सिंह परिहार ने बताया कि 29 मई को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर पूर्व सांसद और बाहुबली नेता बृज भूषण शरण सिंह सतना आ रहे हैं। वह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। वह विशाल भव्य शौर्य यात्रा के साथ मंचीय आयोजन में शामिल होंगे। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग माध्यमों से क्षेत्र का उत्थान कर रहे लोगों को भी संगठन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, मंगलवार 27 मई 2025 | 8




जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अविरल एवं निर्मल माँ मन्दाकिनी के संकल्प के साथ चित्रकूट के पूज्य सन्त समाज, सामाजिक संस्थाओं एवं रहवासियों की सक्रिय सहभागिता के साथ माँ मन्दाकिनी स्वच्छता अभियान आरम्भ हुआ।

## ग्राम सभा में पारित प्रस्तावों के अनुसार अपात्रों के नाम पोर्टल से हटाएं

### विद्युत लाइनों के मेंटीनेंस और बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान दें : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों के सत्यापन के लिए 24 मई को विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की गईं थीं। ई केवाईसी न कराने वाले तथा अपात्र हितग्राहियों के संबंध में ग्राम सभा में पारित प्रस्तावों पर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तत्काल कार्यवाही करें। प्रस्तावों के अनुरूप अपात्रों के नाम पोर्टल से पृथक कराएं। जून माह में उन्हीं हितग्राहियों के लिए खाद्यान्न का आवंटन मिलेगा जिनकी ई केवाईसी हो चुकी है। खाद्यान्न वितरण के समय यदि अप्रिय स्थिति निर्मित होगी तो जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल सीएम हेल्पलाइन तथा समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित बिजली विभाग की शिकायतों का निराकरण करें। बिजली बिलों में सुधार तथा बिजली की आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का तीन दिवस में निराकरण करें। जिले भर में बिजली की लाइनों के मेंटीनेंस पर विशेष ध्यान दें। आंधी अथवा अन्य प्राकृतिक कारणों से बिजली लाइनों को क्षति पहुंचने पर तत्काल सुधार कराने पर बिजली की आपूर्ति बहाल करें। बिजली की नियमित आपूर्ति के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करें। जल गंगा संवर्धन अभियान में स्वीकृत जल संरक्षण के कार्यों को 10 जून तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वीकृत कार्यों के मस्टर जारी कराकर लंबित राशि का तत्काल भुगतान करें। सभी अधिकारी सीएम डैशबोर्ड के बिन्दुओं पर भी तत्परता से कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी कार्यालयीन व्यवस्थाओं तथा अभिलेखों के व्यवस्थित रखने पर विशेष ध्यान दें। विभागीय निर्देशों के अनुरूप निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए विभागीय कार्य पूरा करें। कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच कार्य विभाजन करके सबको समुचित उत्तरदायित्व दें। अपने अधीनस्थों से कार्य कराना भी कार्यालय प्रमुख की ही जिम्मेदारी है। कार्यालय को आमजनता से प्राप्त आवेदनों को विधिवत पंजीबद्ध करके उनका समय सीमा में निराकरण करें। जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों पर भी तत्परता से कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण कराकर तथ्यपरक प्रतिवेदन पोर्टल में दर्ज कराएं। सभी एसडीएम अपने अनुभाग के कार्यालयों का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं में सुधार लाएं।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित प्रकरणों का 7 दिवस में निराकरण करें। अभी भी विद्युत मण्डल, गृह विभाग, राजस्व विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, खाद्य विभाग, श्रम विभाग, पीएचई विभाग, हथकरघा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग में अभी भी कुल 1883 आवेदन पत्र लंबित हैं। इनके निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सीएम हेल्पलाइन में मई माह में भी ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, पीएचई, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, गृह विभाग, खाद्य विभाग, नगर निगम तथा स्वास्थ्य विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रकरणों का निराकरण करें। सभी एसडीएम सीमांकन और नामंतरण के आवेदनों का निराकरण कराकर ऑनलाइन प्रतिवेदन दर्ज कराएं। यदि विभाग सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में डी श्रेणी में रहेगा तो कार्यवाही होगी। बैठक में खाद्यान्न के वितरण, गेंहू उपार्जन में किसानों को भुगतान, पेयजल व्यवस्था तथा संचारी रोगों से बचाव की भी समीक्षा की गई।

## कलेक्टर मऊगंज ने परिवहनकर्ता पर लगाया जुर्माना

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेंहू के परिवहन में लापरवाही बरतने पर परिवहनकर्ता पर 83270 रुपए का जुर्माना लगाया है। कलेक्टर ने परिवहनकर्ता मेसर्स माँ दुर्गा ट्रांसपोर्ट कंपनी पर यह जुर्माना लगाया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार सहकारी समितियों में 8 हजार 327 क्विंटल गेंहू परिवहन के लिए शेष है। गेंहू के परिवहन में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया। लेकिन ट्रांसपोर्टर द्वारा सात दिन की समय सीमा में गेंहू का परिवहन नहीं किया गया है। परिवहन अनुबंध की शर्तों के अनुसार परिवहनकर्ता पर 83270 रुपए के जुर्माने की कार्यवाही की गई है। जुर्माने की राशि तीन दिन में चालान के माध्यम से जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## उप मुख्यमंत्री ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से की सौजन्य भेंट

### विंध्य क्षेत्र में हवाई सेवाओं के विस्तार पर की चर्चा



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजरापु राम मोहन नायडू से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने विंध्य क्षेत्र में हवाई सेवाओं के विस्तार पर सार्थक चर्चा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा से इंदौर, हैदराबाद, दिल्ली एवं प्रयागराज जैसे प्रमुख नगरों के लिए एटीआर-72 विमानों के माध्यम से नियमित उड़ानों की आवश्यकता एवं जनसामान्य की अपेक्षाओं से केंद्रीय मंत्री श्री नायडू को अवगत कराया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट से इन महानगरों के लिए हवाई संपर्क स्थापित होने से क्षेत्रीय व्यापार, शिक्षा, पर्यटन एवं स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलेगी तथा रीवा सहित पूरे विंध्य क्षेत्र को समावेशी विकास में समुचित स्थान मिलेगा। केंद्रीय मंत्री श्री नायडू ने प्रस्तुत सुझावों और मांगों पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई को

रीवा

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस आगामी 31 मई को मनाया जायेगा। मद्यपान तथा मादक पदार्थों, नशीली दवाईयों एवं शराब तथा विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज, युवाओं को अवगत कराने हेतु नशामुक्ति के लिये जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं एवं बच्चों को तम्बाकू से बने उत्पादों के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, टीव्ही, ह्रदय रोग आदि से बचाव करने के लिये जन जागरूकता लाना है। विभिन्न विभागों लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, स्कूल शिक्षा, पुलिस, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, आयुष, महिला एवं बाल विकास, जनजातीय कार्य विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की सहभागिता एवं जन अभियान परिषद, प्रजापिता ब्राम्हकुमारी, गायत्री परिवार, स्वैच्छिक संस्थाओं तथा धार्मिक संगठन के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बताया कि 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत संचालित तम्बाकू नियंत्रण केन्द्र द्वारा तम्बाकू उत्पादों के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी लगाई जायेगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश में स्कूल के विद्यार्थियों के लिये आयोजित होने वाले विशेष समर कैम्पों में चित्रकला, निबंध, लेखन, भाषण, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। मैराथन, प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत के कार्यक्रम के साथ ही तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों पर आधारित बाल पेंटिंग, विद्यालय, महाविद्यालयों के 100 मीटर के दायरे में पान/गुटका की दुकानों पर विक्रय को प्रतिबंधित करना, शासकीय सार्वजनिक स्थर्ता के आसपास बैनर द्वारा नशामुक्ति के संदेश का प्रचार प्रसार करने के साथ ही राष्ट्रीय नशामुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 का व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जायेगा।

## जल संरक्षण के सभी कार्य 10 जून तक पूरे करें : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मानसून के समय से पहले आने की संभावना व्यक्त की गई है। इसे ध्यान में रखते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में स्वीकृत जल संरक्षण के सभी कार्य तथा मनरेगा योजना के अधूरे निर्माण कार्य 10 जून तक पूरा करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वीकृत निर्माण कार्यों का प्रतिदिन मस्टर जनरेट कराकर भुगतान सुनिश्चित करें। जल संरक्षण के कार्यों में वित्तीय प्रगति संतोषजनक नहीं है। साथ ही पूरे हो गए निर्माण कार्यों का पूर्णता प्रमाण पत्र भी जारी कराएं। सभी ग्राम पंचायतों में जल गंगा यात्रा अनिवार्य रूप से निकालें। जल यात्रा का समापन किसी जल स्त्रोत में करके उसकी साफ-सफाई और सुधार के कार्य में श्रमदान भी कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि सभी जनपद पंचायतों को वर्षाकाल में एक-एक लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए वन विभाग तथा अन्य विभागों से समन्वय बनाकर वृक्षारोपण की तैयारी कर लें। वर्षा के पहले गड्ढे तैयार करा लें। वृक्षारोपण के लिए वृक्षों की किस्म और आकार का निर्धारण करके उनके रोपण की कार्ययोजना बना लें। किसानों को भी खेतों के किनारे वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि मनरेगा तथा जल गंगा अभियान में स्वीकृत निर्माण कार्यों के मस्टर तत्काल जारी कराएं। यदि समय पर भुगतान नहीं किया गया तो संबंधित उपयंत्री, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और परियोजना अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। निर्माण कार्यों के मस्टर प्रतिदिन जनरेट कराएं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि जल गंगा अभियान से जुड़े कार्यों तथा कार्यक्रमों के फोटो एवं वीडियो जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से समुचित प्रचार-प्रसार कराएं। व्हाट्सएप ग्रुप में भी जल संरक्षण से जुड़ी जानकारी और फोटो प्रतिदिन शेयर करें। बैठक में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, परियोजना अधिकारी मनरेगा तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाल श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें : सीईओ



**रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में बाल श्रम रोकने की जिला स्तरीय टास्कफोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि बाल श्रम निषेध अधिनियम 1986 तथा इसके संशोधित प्रावधानों का जिले में व्यापक प्रचार प्रसार कराएं। अधिनियम के मुख्य प्रावधानों को सभी दुकानों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में प्रदर्शित कराएं। जिन स्थानों में 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों की श्रमिक के रूप में कार्य करने की संभावना हो उनका चिन्हांकन करें। टास्कफोर्स के सदस्य समन्वय बनाकर पुलिस बल के साथ इन स्थानों पर आकस्मिक निरीक्षण करें। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्थान संचालक बालश्रम कानूनों का उल्लंघन करता पाया जाए तो उसके विरूद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही करें। विभिन्न संचार माध्यमों से बाल श्रम कानून का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। बैठक में जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बाल एवं कुमार श्रम प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि 18 साल से कम आयु के किसी भी व्यक्ति से श्रमिक का कार्य नहीं लिया जा सकता है। यह दण्डनीय अपराध है। बैठक में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ मीनाक्षी मिश्रा तथा सहाय संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी ने भी उपयोगी सुझाव दिए। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय मिश्रा, सहायक संचालक शिक्षा राजेश मिश्रा, परियोजना अधिकारी श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव, श्रम निरीक्षक आशुतोष सिंह, अंकुर यादव, सुशील सेन, विभा द्विवेदी, सीडब्लयूसी सदस्य प्रवीण मिश्रा तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिले की प्रथम ड्रोन पायलट ड्रोन दीदी के नाम से जानी जाती है



**रीवा।** जिले की पहली ड्रोन पायलट सविता ड्रोन दीदी के नाम से जानी जाती है। प्रधानमंत्री नमो ड्रोन योजना के तहत सविता विश्वकर्मा का चयन ड्रोन पायलट के लिये हुआ था और उन्होंने इंदौर से प्रशिक्षण प्राप्त किया। वह जिले की पहली ड्रोन पायलट बनकर अपने गांव के आसपास खेतों में खाद व दवाई का छिड़काव कर अपनी आजीविका को बेहतर ढंग से चला रही हैं। जिले के ग्राम पंचायत पड़िया के ग्राम बेलहा निवासी संगीता की पूर्व में आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। किसी तरह अपने पति एवं चार बच्चों का बमुश्किल जीवनयापन करती थी। सविता ने ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर सात हजार रूपये का ऋण लिया और सिलाई मशीन खरीदी। मशीन से सिलाई कर वह अपने परिवार का भरण पोषण करने लगी और अपने पति को मोटर मैकेनिक का बैंक लिंकेज से प्राप्त राशि से ऋण दिलवाकर प्रशिक्षण दिलवाया। सविता कृषि सखी प्रशिक्षण में प्रतिभागी हुईं और उनका चयन ड्रोन पायलट के लिये हुआ। इंदौर से प्रशिक्षण प्राप्त कर सविता प्रधानमंत्री नमो ड्रोन योजना में जिले की पहली ड्रोन पायलट बनी और अपने गांव के आसपास ड्रोन से खाद व दवाई का छिड़काव खेतों में करने लगीं।

## चित्रकूट में माँ मंदाकिनी के स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

### रीवा संभाग के कमिश्नर ने सफाई अभियान में किया श्रमदान



**रीवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अविरल एवं निर्मल माँ मन्दाकिनी के संकल्प के साथ चित्रकूट के पूज्य सन्त समाज, सामाजिक संस्थाओं एवं रहवासियों की सक्रिय सहभागिता के साथ माँ मन्दाकिनी स्वच्छता अभियान आरम्भ हुआ। माँ मन्दाकिनी के स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्य मंत्री श्री रामकेश निषाद, जल पुरुष पद्मश्री उमाशंकर पांडेय, श्री विराग गुप्ता, पूर्व मंत्री श्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय के साथ रीवा संभाग के कमिश्नर बी. एस. जामोद भी मन्दाकिनी नदी के स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए और श्रमदान किया।

दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन के संयोजकत्व व जन अभियान परिषद एवं विभिन्न संगठनों के सहयोग से चित्रकूट में पूरे उत्साह के साथ यह अभियान शुरू हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संतगण, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता, जन अभियान परिषद के सम्भागीय समन्वयक प्रवीण पाठक, एसडीएम मझगवां ए पी द्विवेदी, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता व चित्रकूट के रहवासियों ने भी मन्दाकिनी नदी के सफाई अभियान में अपनी सहभागिता निभाई कार्यक्रम में शामिल हुए।

## कलेक्टर मऊगंज ने अवैध उत्खनन पर लगाया 10.08 करोड़ का जुर्माना

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज ने अवैध उत्खनन करने पर कृष्ण कुमार सिंह निवासी ग्राम नेंगुड़ा जिला सीधी पर 10 करोड़ 8 लाख एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण नियम 2022 के प्रावधानों के तहत की गई है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार कृष्ण कुमार सिंह को ग्राम हर्रहा में एक हेक्टेयर क्षेत्र में पत्थर उत्खनन की लीज दी गई है। इस खदान का एसडीएम, नायब तहसीलदार द्वारा निरीक्षण करके जाँच करने पर खदान में गंभीर अनियमितता पाई गई। खदान की फेंसिंग नहीं की गई।

## युवा संगम कार्यक्रम में 568 युवाओं को मिला रोजगार

रीवा



युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, स्वरोजगार के हितग्राहियों को हितलाभ देने के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम का जिला मुख्यालय में वृहद आयोजन किया गया। सतपुड़ा आईटीआई रीवा परिसर में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 568 युवाओं को विभिन्न निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर पर प्राप्त हुए। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने जानकारी दी कि मेगा जॉब फेयर में 12 कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान किये गये। जिले में 873 युवा पंजीकृत हुए जिनमें से 568 युवाओं को चयनित किया गया।

रोजगार मेले में सिटी कार सतना में 10, शक्ति पंप इंडिया लि. पीथमपुर धार में 44, ख्याति शील्ड वेन्टुरेज प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ में 10, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा में 36, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा 30, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा में 48, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा नासिक महाराष्ट्र में 77, विन्ध्या टेलीलिंक लि. चोरहटा रीवा में 44, एमआरएफ टायर भारूच गुजरात में 43, ग्रेट आर्ग्रेनिक डायमंड प्राईवेट लिमिटेड सागर में 26, मैकलेओड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड इंदौर में 105 तथा अदानी मुद्रा सोलर कच्छ गुजरात 95 में युवाओं का चयन किया गया।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833